## सूफी के तीन रोजा उर्स का कुल से समापन

**वजीरगंज,अमृत विचार :** हजरत सूफी सिब्ते अहमद साहब के तीन रोजा उर्स शरीफ में कुरान खानी महफिले मिलाद दूसरे दिन जलसा एवं अंतिम दिन कुल शरीफ की फातिमा से समापन हुआ।

कार्यक्रम में मुफ्ती सय्यद वाकिफ अली मुफ्ती सैयद वसीम अशरफ शायर इंतखाब संभाली कारी गुलाम यासीन अनवर कादरी आदि ने कलाम पेश किया। महफिल की निजामत नौजवान शायर हिलाल बदायूंनी ने फरमाई। अल्लामा मौलाना मुफ्ती सय्यद वाकिफ अली ने कहा की वली अल्लाह का दोस्त होता है। अवाम को भी अल्लाह की दोस्ती कुरबत हिला देता है। सूफी जी का हाथ हजरत बली के हाथ में है और हजरत बली का हाथ हजरत अली के हाथ में है।महफिल की निजामत कर रहे शायर हिलाल बदायूंनी ने कहा-मैं कोई जिक्र करता हूं तुम्हारा जिक्र होता है, तकल्लुम भी मेरा तुम हो तरन्नुम भी मेरा तुम हो। बुधवार की महफिल में सुबह 10 बजे सूफी जी की मजार पर कस्बे के मोहल्ला मुमताज नगर मोहल्ला तकिया एवं नई बस्ती से होता हुआ चादरों का जुलूस पहुंचाया गया, महफिले मिलाद कुरान ख्वानी हुई जिसके बाद सलाम पेश किया गया।

# घटतौली पर मिठाई की नौ दुकानों के चालान, हड़कंप

## बांट-माप विभाग ने शहर के पास व इस्लामनगर में चलाया अभियान

**कार्यालय संवाददाता, बदायूं**

**अमृत विचार:** जिले में घटतौली से आम आदमी परेशान हैं। किराना की दुकान से लेकर मिष्ठान के प्रतिष्ठानों पर लोगों की जेब कट रही है। इसके अलावा पेट्रोल पंपों पर भी आम आदमी की जेब कट रही है। बुधवार को बाट माप विभाग द्वारा सीएनजी पेट्रोल पंपों की जांच की। जहां सब ठीक मिला। उनके द्वारा नौ दुकानदारों को घटतौली करते हुए पकड़ा। इनका चालान किया गया। विभाग द्वारा की गई कार्रवाई में दुकानदारों में हड़कंप मचा रहा।

हाल के दिनों में व्यापारियों द्वारा सीएनजी पेट्रोल पंपों पर की जा रही घटतौली को लेकर डीएम से शिकायत दर्ज कराई थी। जिस पर डीएम ने बाट माप विभाग को पेट्रोल पंपों की जांच के आदेश कर दिए। पेट्रोल पंपों की जांच प्रोवेट मशीन से की जाती है, जो कि जोन भर में एक ही मशीन है। बुधवार को मशीन



मशीन द्वारा सीएनजी की जांच करते बांट माप अधिकारी।

- **अलग-अलग क्षेत्र की नौ दुकानों पर मिली घटतौली, दुकानों का किया गया चालान**
- **पेट्रोल पंपों पर की गई चेकिंग, घटतौली न करने की दी गई चेतावनी**

प्राप्त होने के बाद बाट माप अधिकारी अंकित अग्रवाल ने अन्य कर्मचारियों के साथ सीएनजी पंपों पर छापा मारा। उनके द्वारा बिल्सी क्षेत्र के नरैनी स्थित देव फिलिंग स्टेशन और इस्लामनगर में हमारा पंप पर प्रोवेट मशीन के द्वारा जांच की गई। वहां पर अधिकारियों को सब कुछ ठीक मिला। पंप कुछ अव्यवस्थाएं होने पर उनमें सुधार के आदेश दिए।

### डेढ़ सौ ग्राम सामग्री ग्राहकों को दे रहे थे कम

बाट माप अधिकारियों द्वारा बिनावर और कादरचौक क्षेत्र में मिठाई की दुकानों पर पहुंचकर कांटा बांट चेक किया। पता चला कि दुकानदार मिठाई को डिब्बे के साथ तौल रहे थे। तथा सौ से डेढ़ सौ ग्राम मिठाई उनके द्वारा ग्राहकों को कम दी जा रही थी। जिस पर अधिकारियों ने उनका चालान काट दिया। विभागीय अधिकारियों ने करीब नौ दुकानदारों के घटतौली करने पर चालान काटे। इस कार्रवाई से दुकानदारों में हड़कंप मचा रहा। वहीं लोगों ने कहा कि इस तरह से विभागीय कार्रवाई होती रहे तो ग्राहकों को घटतौली का शिकार नहीं होना पड़ेगा।

## अंतर्राष्ट्रीय जेब्रा दिवस पर हुई चित्रकला प्रतियोगिता

**बदायूं, अमृत विचार:** मदर एथीना स्कूल में बुधवार को अंतर्राष्ट्रीय जेब्रा दिवस के अवसर पर कक्षा एक से पांचवीं तक के विद्यार्थियों को वन्य जीवों के संरक्षण के साथ-साथ दुर्लभ प्रजातियों में विशेष जेबरा के संरक्षण व उनके महत्व से अवगत कराया गया। इस जानवर के बारे में बच्चों को जानकारी दी गई। इसके साथ ही चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया। इसमें विद्यार्थियों ने सफेद एवं काली धारियों वाले इस दुर्लभ जीव का चित्र बनाया। जिसके बाद शिक्षकों ने बच्चों के प्रतिभा की सराहना की। उनका उत्साहवर्धन किया।

विद्यालय की निदेशिका चयनिका सारस्वत ने बताया कि जेबरा वन्यजीवों में सर्वाधिक दुर्लभ जीव है। जो अपनी काली-सफेद धारियों के कारण सभी जीवों में सर्वाधिक आकर्षक जीव माना जाता है। किंतु वर्तमान में उसका अस्तित्व संकट में हैं। हमें सभी वन्यजीवों के साथ-साथ ऐसे दुर्लभ जीवों के संरक्षण में विशेष भूमिका निभानी चाहिए।

# नए डीएफओ ने संभाला चार्ज, बैठक में दिए निर्देश

**कार्यालय संवाददाता, बदायूं**

- **अवैध कटान को लेकर बढ़ाई सख्ती, कहा- कटेंगे हरे भरे पेड़ तो होगी कार्रवाई**

**अमृत विचार :** दुधवा पार्क से ट्रांसफर होकर आए प्रदीप कुमार वर्मा ने बुधवार को यहां पहुंच कर डीएफओ पद पर कार्यभार ग्रहण कर लिया। जिलाधिकारी से मिलने के बाद उन्होंने कार्यालय पहुंच कर पहले विभाग के अधिकारियों-कर्मचारियों के साथ बैठक की। उसके बाद अपनी मंशा साफ की। कहा कि हरे पेड़ों का कटान किसी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। पौधारोपण अभियान के तहत लगाए गए पौधों को संरक्षित करने के लिए अभियान चला कर काम किया जाएगा।



नवागत डीएफओ प्रदीप कुमार वर्मा।

वन विभाग में डीएफओ अशोक कुमार का करीब बीस दिन पहले यहां से ट्रांसफर सिद्धार्थनगर को हो गया था। तभी से यहां पर डीएफओ की कुर्सी खाली थी। बुधवार को शासन स्तर से किए गए तबादलों में बेलरायां के डीएफओ प्रदीप कुमार वर्मा को यहां भेजा गया है। प्रदीप कुमार दुधवा नेशनल पार्क का चार्ज संभाल रहे थे। वह 2019 बैच के अधिकारी हैं। प्रदीप कुमार ने बताया कि सबसे पहली पोस्टिंग उनकी गोरखपुर में हुई थी। उसके बाद उनका ट्रांसफर बेलरायां को कर दिया गया। वहां पर उनके पास दुधवा नेशनल पार्क की जिम्मेदारी थी। बेलरायां से वह बदायूं आए हैं। यहां पर अभी कुछ समय तक अपने विभाग के क्षेत्र के बारे में जानकारी करेंगे। उसके बाद शासन की मंशा को अमलीजामा पहनाने में जुट जाएंगे।

प्रदीप कुमार ने कहा कि हरे पेड़ों का कटान किसी कीमत पर नहीं होने दिया जाएगा। कहीं भी यदि शिकायत मिलती है तो उसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि प्रकृति के साथ छेड़छाड़ के परिणाम घातक साबित हो रहे हैं इसलिए पौधों का संरक्षण हर कीमत पर करना होगा। बोले जहां भी पौधरोपण अभियान के तहत पौधे रोपित किए गए हैं। उनको संरक्षित करने के लिए अभियान के रूप में काम किया जाएगा। सामाजिक संगठनों की भी इस कार्य में हिस्सेदारी के लिए जोर दिया।

## पाले से गीली हो जा रही रोड, फिसल रहे बाइक सवार

**ओरछी, अमृत विचार :** रात भर घना कोहरा होने से हाईवे गीला हो रहा है। जिससे फिसलन वाली स्थिति बन गई है। जो दो पहिया वाहनों के लिए दिक्कतें खड़ी कर रहा है। बुधवार को कई बाइक सवार रोड पर फिसल कर गिर गए। जिसकी वजह से उन्हें चोट भी आई। गंभीर हादसा न होने की वजह से कुछ देर ठहरने के बाद अपने गंतव्य के लिए रवाना हो गए।

एमएफ हाईवे बदायूं - मुरादाबाद ओरछी चौराहा के नजदीक लगभग 500 मीटर तक भयंकर तरह से फिसलन है। अगर बाइक सवार ब्रेक लगाते हैं तो फिसल कर हाईवे पर गिर जाते है। और घायल हो जाते हैं। घने कोहरे में रोजाना बाइक फिसलती हैं। बताया जाता है कि हाईवे पर मटर प्लांट से निकलने वाला मटर का छिलका ट्रैक्टर ट्राली में भरकर आसपास के इलाके में और जिला संभल के चंदौसी तक पहुंचता है। छिलका गीला होने के कारण उसका पानी हाईवे पर टपकता जाता है। जिस वजह से फिसलन हो जाती है। बुधवार की सुबह भी दूधिया की बाइक हाईवे पर फिसल कर गिर पड़ी और घायल हो गया। हालांकि गंभीर चोट न आने के कारण वह चला गया।

# प्रशासन ने नामित किए स्टेटिक मजिस्ट्रेट

**कार्यालय संवाददाता, बदायूं**

- **यूपी बोर्ड परीक्षा के दौरान सभी केंद्रों पर लगाई जाएगी ड्यूटी**
- **नकलविहीन परीक्षा के लिए माध्यमिक शिक्षा परिषद कर रहा तैयारी**

**अमृत विचार:** आगामी दिनों में यूपी बोर्ड हाईस्कूल और इंटरमीडिएट की परीक्षाएं शुरू होने वाली हैं। तेजी के साथ तैयारियों को पूरा किया जा रहा है। सभी केंद्रों पर स्टेटिक मजिस्ट्रेट तैनात किए जाने हैं। इसके लिए ब्लॉक स्तरीय अधिकारियों को नामित किया गया है। जिले में 99 कॉलेजों में परीक्षा केंद्र बनाया गया है।

हाईस्कूल और इंटरमीडिएट की बोर्ड परीक्षाएं 22 फरवरी से शुरू होने वाली हैं। जिले में 99 कॉलेजों पर परीक्षा होने वाली है। एक-दो दिन में उत्तर पुस्तिकाओं के साथ प्रश्नपत्र जिले में पहुंचने वाले हैं। वहीं नकलविहीन परीक्षा कराने को लेकर कॉलेजों में सीसीटीवी और वॉयस रिकॉर्डर लगाए गए हैं।

इसके अलावा सभी केंद्रों पर स्टेटिक मजिस्ट्रेट तैनात रहेंगे। बुधवार को प्रशासन द्वारा अधिकारियों को स्टेटिक मजिस्ट्रेट नामित किया गया है।

> एक दो दिन में प्रश्नपत्र आने वाले हैं। केंद्रों पर स्टेटिक मजिस्ट्रेट तैनात किए जाने हैं। अधिकारियों को नामित कर दिया गया है जिससे प्रश्नपत्रों की निगरानी इनके द्वारा की जा सके।
> **- डॉ प्रवेश कुमार**, जिला विद्यालय निरीक्षक।

स्टेटिक मजिस्ट्रेट नामित किए गए अधिकारी अधिकांश ब्लॉक और जिला स्तरीय हैं। परीक्षा के दौरान इनकी निगरानी में ही प्रश्नपत्रों को खोला जा रहा है। साथ ही केंद्रों पर प्रश्नपत्रों को रखने के लिए बनाए गये स्ट्रांग रूम की जिम्मेदारी इन्हीं के जिम्मे रहेगी। कक्ष निरीक्षकों को तैनात करने की विभाग द्वारा तैयारी चल रही है। इनमें से करीब एक हजार के आसपास बेसिक शिक्षा विभाग के शिक्षकों की ड्यूटी बोर्ड परीक्षा में लगाई जानी है।

## भोले के भक्तों ने निकाली प्रभात फेरी

**कुंवरगांव, अमृत विचार :** ब्लॉक सलारपुर क्षेत्र के गांव बाबट में इस वर्ष भी माघ माह में प्रातः काल ब्रह्म मुहूर्त में स्नान कर ढोलक, बाजा, मंजीरा के साथ माघ माह के सातवें दिन प्रभात फेरी निकाली गई । श्रद्धालुओं ने बताया कि प्रभात फेरी माह के अंतिम दिन तक निकाली जाएगी। इसके बाद गांव के मंदिर पर श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन किया जाएगा। कथा समापन पर भंडारा किया जाएगा। उसके बाद सभी स्नान करने वाले श्रद्धालु कछला गंगा में स्नान करते हैं। प्रभात फेरी के दौरान गांव के भक्त अपने-अपने दरवाजे पर प्रभात फेरी को रोककर चाय नाश्ता कराते हैं। आचार्य छोटेलाल ने बताया इस माह में ब्रह्म मुहूर्त में स्नान करने से अधिक पुण्य प्राप्त होता है। इस मौके पर ओम श्री देवी, शरद पटेल, बंगाली बाबू, रूपेंद्र सिंह सहित आदि रहे।



# रोजगार मेले में 13 कंपनियों ने 176 प्रतिभाओं को दिया अवसर



रोजगार मेले में नियुक्ति पत्र के साथ युवक। ● अमृत विचार

**संवाददाता, बिसौली/आसफपुर**

**अमृत विचार :** दीनदयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल्य योजना अंतर्गत कौशल विकास मिशन, आईटीआई उद्यमशीलता विभाग एवं जिला सेवायोजन कार्यालय के संयुक्त तत्वावधान में ब्लॉक आसफपुर में रोजगार मेले का आयोजन किया गया। मेले में 176 युवाओं को विभिन्न कंपनियों में रोजगार का अवसर मिला।

मुख्य अतिथि ब्लाक प्रमुख ओमकृष्ण ने रोजगार मेले का आरंभ किया। उन्होंने कहा कि रोजगार मेले के आयोजन से ग्रामीण क्षेत्र के युवाओं को रोजगार मिलना सुखद है। मेले में कुल 13 कंपनियों द्वारा प्रतिभाग किया गया। इसमें 294 प्रशिक्षार्थियों में से 176 युवाओं का चयन किया गया। मुख्य अतिथि को परवेज़ अली खान जिला सेवायोजन ने प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया। रोजगार मेले में पूर्व प्रधान पवन मिश्रा, जिला कौशल प्रबन्धक मोहम्मद एहतिशाम, नीरज कुमार, परवेज अली खान, वीरपाल सिंह, सी एल कुशवाहा आदि रहे।

# घने कोहरे ने दी दस्तक, दृश्यता हुई कम

**कार्यालय संवाददाता, बदायूं**

- **दो दिन मौसम साफ रहने के बाद बदल गया मौसम**
- **कोहरे के साथ लौटी सर्दी, आवागमन में हुई परेशानी**

**अमृत विचार:** जिले में सुबह के समय घना कोहरा परेशानी का सबब बना हुआ है। कोहरे की वजह से वाहनों की रफ्तार रोक दी है। मंगलवार देर रात से ही कोहरे ने दस्तक दे दी थी। बुधवार सुबह गहरी धुंध छाने और दृश्यता मात्र 50 मीटर तक रहने से वाहनों की रफ्तार धीमी रही। इसके बाद दोपहर में धूप निकलने से लोगों को ठंड से राहत मिली। वहीं, कृषि विभाग के अधिकारियों द्वारा बताया जा रहा है ऐसी स्थिति दो से तीन दिनों तक बनी रहेगी। बारिश होने के बाद ही मौसम साफ होने का अनुमान लगाया जा रहा है। दिन में धूप निकलने के कारण बुधवार को अधिकतम तापमान में 23 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम 9 डिग्री सेल्सियस रहा।

कृषि विभाग के अधिकारियों के अनुसार आगामी दिनों में मौसम में काफी बदलाव आएगा। एक दो दिनों में बारिश के आसार बन रहे हैं। उनके अनुसार पिछले दो दिनों से धूप निकलने से दिन के समय राहत मिल रही थी। इसके साथ ही दिन के तापमान में बढ़ोतरी भी देखी गई थी। करीब एक माह बाद दिन का तापमान सामान्य से ऊपर या इसके करीब पहुंच गया है। वहीं बुधवार की सुबह के समय जनपद भर में अत्यधिक मात्रा में कोहरा छाया रहा। यह स्थित पिछले कई दिनों से बनी हुई है। लोगों को कोहरा और सर्दी ने परेशान कर दिया। लोग कामकाज के लिए अपने वाहनों को लेकर सड़कों पर निकले लेकिन कोहरे की वजह से उनकी रफ्तार धीमी ही रही। 50 मीटर से भी कम दृश्यता रही। हालांकि दिन के समय बादल भी छाए रहे। दोपहर बाद निकली धूप ने कोहरे से छुटकारा दिलवाया।



कोहरे में लाइट जलाकर चलते वाहन सवार। ● अमृत विचार

# एडीएम राजस्व एवं वित्त से जवाब तलब

**कार्यालय संवाददाता, बदायूं**

- **तीन हजार से ज्यादा किसानों को नहीं दी गई मुआवजा राशि**
- **सर्वे करने के बाद पोर्टल पर दिखाई दे रहे हैं किसानों के नाम**

**अमृत विचार:** प्राकृतिक आपदा के दौरान तीन हजार से अधिक किसानों को मुआवजा राशि नहीं मिली। ये डाटा पोर्टल पर प्रदर्शित हो रहा है। जबकि इन किसानों को मुआवजा राशि पहले ही दी जा चुकी है। पोर्टल में गड़बड़ी होने के कारण ऐसी स्थित बनी हुई है। पोर्टल पर डाटा प्रदर्शित होने की दशा में शासन ने एडीएम एफआर को जवाब तलब किया है। एडीएम के अनुसार उन्होंने अपना जवाब भेज दिया है।

जिले में हर साल प्राकृतिक आपदा आती है। इसमें बाढ़ की वजह से हजारों किसानों की फसल बर्बाद हो जाती है। जिसे किसानों को भारी नुकसान उठाना पड़ता है। शासन के आदेश पर प्राकृतिक आपदा क्षेत्र का अधिकारियों द्वारा सर्वे कराया जाता है। इसके बाद उन्हें नियमानुसार मुआवजा राशि प्रदान की जाती है। जिले में 2021-22 व 2022-23 में आई आपदा के दौरान तमाम किसानों की फसल को नुकसान पहुंचा था। जिस पर जिला प्रशासन द्वारा क्षेत्र का सर्वे कराया गया। उसका आकलन कराते हुए किसानों को समय रहते मुआवजा राशि प्रदान कर दी गई। लेकिन पिछले दिनों शासन के पोर्टल पर जिले का नाम प्रदर्शित होने लगा। इसमें जिले के तमाम किसान ऐसे थे। जिन्हें गत वर्षो का मुआवजा नहीं दिए जाना दर्शाया गया।

इसमें 2021-22 में जिले के करीब तीन हजार से ज्यादा किसान और 2022-23 के तीन सौ से ज्यादा किसान प्रदर्शित हो रहे थे। इस पर प्रदेश सरकार ने एडीएम से एफआर से जवाब मांगा। साथ ही निर्देश दिए कि इनका दोबारा सत्यापन कराने के बाद में मुआवजे से वंचित किसानों को मुआवजा दिया जाए।

> जिन किसानों का डाटा पोर्टल पर दिख रहा है। उन्हें मुआवजा राशि पहले ही दी जा चुकी है। यह सभी किसान दातागंज क्षेत्र के थे। एसडीएम दातागंज से दोबारा सत्यापन कराकर जानकारी उच्चाधिकारियों को दे दी गई है। असल में पोर्टल पर कुछ तकनीकी गड़बड़ी होने के कारण ऐसा हुआ है।
> **- राकेश कुमार पटेल**, एडीएम एफआर।

शासन से आदेश प्राप्त होने के बाद एडीएम ने एसडीएम दातागंज से इन किसानों का दोबारा से सत्यापन करते हुए रिपोर्ट मांग ली। एसडीएम ने एडीएम को भेजी रिपोर्ट में बताया कि सभी किसानों को मुआवजा धनराशि दी जा चुकी है। एसडीएम की रिपोर्ट प्राप्त होने के बाद उच्चाधिकारियों को इस संबंध में जानकारी दी।

# समिति ने बार के सचिव का इस्तीफा किया नामंजूर

**कार्यालय संवाददाता, बदायूं**

- **जिला सिविल बार एसोसिएशन की जमीन पर कब्जे को लेकर दिया था इस्तीफा**

**अमृत विचार :** जिला सिविल बार एसोसिएशन के सलाहकार समिति के हेमेंद्र कुमार, अनवर आलम, असरार अहमद की अध्यक्षता में बैठक हुई। सर्वसम्मति से एसोसिएशन के सचिव अरविंद पाराशरी का इस्तीफा नामंजूर किया। सचिव के कार्यों की सराहना करते हुए पद पर बने रहने को कहा।



अरविंद पाराशरी, सचिव, जिला सिविल बार एसोसिएशन।

दो दिन पहले एसोसिएशन के सचिव अरविंद पाराशरी ने बार की जमीन पर कब्जा को लेकर इस्तीफा दे दिया था। जिसके एसोसिएशन के अन्य पदाधिकारियों ने सचिव के कार्यों की प्रशंसा करते हुए कहा कि बार के प्रति उनका योगदान और कार्य सराहनीय हैं। उनका इस्तीफा स्वीकार नहीं होना चाहिए। अधिवक्ता सुभाष गुप्ता व हरि प्रताप राठौर, अधिवक्ता संजीव वैश्य व रक्षित सरन, सुधीर मिश्रा व वेद प्रकाश साहू, आरआर गुप्ता, कौशलेंद्र मोहन शर्मा ने कहा कि वह बेहतर नेतृत्व करने वाले हैं। उनके बिना जिला सिविल बार का अस्तित्व नहीं है। जफर हुसैन ने कहा कि किसी पीड़ा के चलते उन्होंने त्यागपत्र दिया है। उसकी जानकारी की जाएगी।

अधिवक्ता सिसनेश सक्सेना, अपितु श्रीवास्तव, अंशुल गुप्ता, राधव पाठक, सुनील सक्सेना, अनुराग शर्मा, राजीव सक्सेना, अनिल वर्मा आदि ने सचिव का त्यागपत्र नामंजूर करने की बात कही।




छात्रवृत्ति | आसिम सिद्दीकी मेमोरियल पीजी डिग्री कॉलेज में आयोजित किया गया कार्यक्रम

# अमेरिका के ट्रस्ट ने छात्र और छात्राओं को दी छात्रवृत्ति, खिले चेहरे

**कार्यालय संवाददाता, बदायूं**

**अमृत विचार :** आसिम सिद्दीकी मेमोरियल (पीजी) डिग्री कॉलेज में बुधवार को ताज एंड जाकिर सय्यद फैमिली ट्रस्ट, अमेरिका आसिम सिद्दीकी एजुकेशनल ट्रस्ट, बदायूं द्वारा संचालित स्टेम छात्रवृत्ति योजना के तहत चयनित छात्र-छात्राओं को छात्रवृत्ति का वितरण किया गया।

बुधवार को डिग्री कालेज में आयोजित कार्यक्रम में सुरेंद्र, सुमित, हिरा, मोहित यादव, कशफ नाज, अलशिफा, अरुण बघेल जाहिरा ,आरिश, फरेहा, इलमा, इजहान, गुलफाम, मुवीन समरा, सिदरा, तंज़ील, मुजीब, अमान ,शगुफ्ता आदि छात्र छात्राओं को अमेरिका से आये कार्यक्रम के मुख्य अतिथि, ताज एंड जाकिर सय्यद फैमिली ट्रस्ट के अध्यक्ष ताज सय्यद व आसीम सिद्दीकी एजुकेशनल ट्रस्ट व आसिम सिद्दीकी मेमोरियल (पीजी) डिग्री कॉलेज के अध्यक्ष नवेद सय्यद ने सभी चयनित छात्र छात्राओं को चेक व प्रमाण पत्र देकर को प्रोत्साहित किया।




कॉलेज में छात्रवृत्ति वितरण कार्यक्रम में मंच पर मौजूद अतिथि।

- **अमेरिका के ताज एंड जाकिर सय्यद फैमिली ट्रस्ट ने छात्र-छात्राओं को बांटे चेक**

### छात्र-छात्राओं को जीवन में सफल होने का दिया मंत्र

अमेरिका से आए मुख्य अतिथि ताज सय्यद ने विचार व्यक्त करते हुए कहा हमारा भारत विविधताओं से भरा देश है। उन्होंने कहा भारतीय युवाओं में योग्यताओं का असीम भंडार है। इसको निखारने और आगे बढ़ाने की आवश्यकता है। उन्होंने सभी छात्र छात्राओं को सफलता का मंत्र देते हुए कहा कि जीवन में सफल होने के लिए अनुशासन, कठिन परिश्रम, दृढ़ निश्चय व ईमानदारी बहुत आवश्यक होते हैं। डिग्री कॉलेज के अध्यक्ष नवेद सैयद ने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि भारतीय युवा अपनी योग्यताओं के बल पर संपूर्ण विश्व में बड़ी कंपनियों में प्रमुख पदों पर आसीन हैं। उन्होंने कहा सभी छात्र–छात्राओं को दृढ़ निश्चय के साथ अपनी मंजिल की ओर सदैव अग्रसर रहना चाहिए । विशिष्ट अतिथि डॉक्टर अहमद मुस्तबा ने अपने विचार व्यक्त करते हुए सभी छात्राओं को प्रोत्साहित किया।कॉलेज के मैनेजर ज़ोहेब अली सय्यद, निदेशक ज़ोया अली सय्यद, मैनेजमेंट कमेटी के सदस्य सलमान अहमद, रोमान हाशमी, सालिम फरशोरी तथा प्राचार्य डॉ. नजीबुल हसन खान ने अपने विचार व्यक्त करते हुए सभी छात्र छात्राओं की उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस मौके पर कॉलेज का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।




## एक नजर

### आज उझानी में बंद रहेगी बिजली सप्लाई

**उझानी।** नगर के विद्युत केंद्र पर एक फरवरी को 132 केवीए के ट्रांसफार्मर की क्षमता में वृद्धि का कार्य किया जाएगा। इसलिए सुबह दस बजे से शाम चार बजे तक बिजली सप्लाई बाधित रहेगी। विद्युत उपकेंद्र पर काम होने के कारण उझानी, बुर्रा, अहिरवार, भूड़ा भदरौल, कादरचौक, की विद्युत सप्लाई सुबह 10 बजे से शाम 4 बजे तक बंद की जाएगी।

### किला खेड़ा में संदिग्ध लोगों के घूमने से दहशत

**उझानी।** नगर के मोहल्ला किला खेड़ा निवासी डेढ़ दर्जन से अधिक लोगों ने रात में मकान की छतों पर संदिग्ध लोगों के घूमने की शिकायत करते हुए पुलिस से सुरक्षा की मांग की है और कहा है कि लोग दहशत में हैं। बुधवार को किला खेड़ा के कई लोगों ने पुलिस को दी तहरीर में कहा है कि नगर के मोहल्ला किला खेड़ा, बड़ी माता के मंदिर के पास पाखड़ वाली गली में पिछले कई दिनों से रात के समय संदिग्ध लोग आते हैं, जो कभी मकान की छतों पर घूमते हैं कभी मोहल्ले की गलियों में दिखाई देते हैं जब शोर शराबा होता है तभी भाग जाते हैं। लोगों ने कहा है कि इन लोगों से खतरा बना हुआ है। डेढ़ दर्जन से अधिक मोहल्ले वासियों ने हस्ताक्षर युक्त पत्र देते हुए पुलिस से रात्रि के समय गश्त करने की मांग की है।

# किशोरी के साथ सामूहिक दुष्कर्म के तीन आरोपियों को उम्रकैद की सजा

## प्रत्येक दोषी पर लगा 1.10 लाख रुपये का जुर्माना, पीड़िता को दी जाएगी पूरी धनराशि

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- विशेष न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट के न्यायाधीश ने सुनाया फैसला अप्रैल 2021 का है मामला

**अमृत विचार :** किशोरी को बहला फुसलाकर ले जाने और उसके साथ सामूहिक दुष्कर्म करने के तीन आरोपियों को विशेष न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट के न्यायाधीश दीपक यादव ने उम्रकैद की सजा सुनाई है। हर दोषी पर एक लाख 10 हजार रुपये का जुर्माना लगाया गया है। पीड़िता को पूरी धनराशि दी जाएगी।

अभियोजन पक्ष के अनुसार वादी मुकदमा ने कोतवाली उझानी के प्रभारी निरीक्षक को तहरीर देकर बताया था कि 18 अप्रैल 2021 की रात 9 बजे शिवम यादव अपने पिता सत्येंद्र, परिवार के रिश्ते में चाचा अनिल के सहयोग से उनकी 13 साल की बेटी को बहला फुसलाकर ले गया है। काफी तलाश करने के बाद भी उसका कहीं पता नहीं चला है। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की। पुलिस ने पीड़िता को बरामद किया। अपने बयान में पीड़िता ने तीनों पर सामूहिक दुष्कर्म का आरोप लगाया। पुलिस ने कोर्ट में आरोप पत्र दाखिल करते हुए इस मामले को अपने ऑपरेशन कंविक्शन के अंतर्गत चिह्नित करते हुए पैरवी की थी। न्यायालय में गांव मिही लाल नगला निवासी शिवम यादव पुत्र सत्येंद्र यादव, पिंटू पुत्र सुरेंद्र और अनिल कुमार पुत्र भगवान सिंह पर किशोरी को बहला फुसलाकर भगा ले जाने और उसके साथ सामूहिक दुष्कर्म करने के आरोप में मुकदमा चलाया गया। न्यायाधीश ने पत्रावली पर उपलब्ध साक्ष्य का अवलोकन किया। अभियोजन पक्ष की विशेष लोक अभियोजक अमोल जौहरी व बचाव पक्ष के अधिवक्ता की दलीलों को सुनने के बाद तीनों को दोषी पाते हुए उम्रकैद की सजा सुनाई है। साथ ही प्रत्येक आरोपियों पर एक लाख दस हजार रुपये का जुर्माना डाला। आरोपियों को सजा दिलाने में अभियोजन पक्ष की ओर से पैरवी करने वाले अभियोजक, विवेचक अनूप सिंह और कोतवाली उझानी के पैरोकार का योगदान रहा।

### धोखाधड़ी के आरोपी को सजा

बदायूं। थाना बिनावर में वर्ष 2017 में रवि उर्फ रबिया पुत्र अबरीन अंसारी के खिलाफ धोखाधड़ी समेत विभिन्न धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की गई थी। उपनिरीक्षक अजय पाल सिंह ने विवेचना की। उन्होंने कोर्ट में आरोप पत्र दाखिल किया था। यह मामला भी पुलिस के ऑपरेशन कंविक्शन के अंतर्गत चयनित किया गया। पुलिस ने पैरवी शुरू की। बुधवार को रवि उर्फ रबिया पर आरोप सिद्ध हुआ। उसे धोखाधड़ी के आरोप में तीन साल के लिए कठोर कारावास और 2000 रुपये जुर्माना की सजा सुनाई गई। अन्य दो धाराओं में सात साल की सजा और चार हजार रुपये जुर्माना की सजा सुनाई है। इस मामले के लोक अभियोजक डॉ. मोहम्मद इलियास और विवेचक उपनिरीक्षक अजय पाल सिंह थे।

# 15 फरवरी तक होंगे इग्नू पाठ्यक्रम में एडमिशन को आवेदन

**बदायूं, अमृत विचार:** राजकीय महाविद्यालय में इग्नू अध्ययन केंद्र संचालित है। इग्नू के तहत विभिन्न पाठ्यक्रम में ऑनलाइन प्रवेश के लिए अभ्यर्थी अंतिम तिथि 15 फरवरी तक आवेदन कर सकते हैं।

केंद्र समन्वयक डॉ संजीव राठौर ने बताया है कि भारत सरकार के आत्मनिर्भर भारत योजना के अंतर्गत इग्नू के बहुआयामी पाठ्यक्रमों का लाभ ऑनलाइन प्राप्त किया जा सकता है। बताया कि पंजीकरण के लिए तिथि बढ़ा दी है। इच्छुक अभ्यर्थी 15 फरवरी तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ श्रद्धा गुप्ता ने अवगत कराया है कि महाविद्यालय अध्ययन केंद्र पर अन्य पांच जनपदों के अध्ययन केंद्रों को संबद्ध किया गया है तथा यहां उपलब्ध 17 पाठ्यक्रमों को बढ़ाकर अब 33 पाठ्यक्रमों की सुविधा उपलब्ध करा दी गई है।

# ट्रक की टक्कर से बाइक सवार महिला की मौत

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- मृतक महिला के भाई ने अपने बहनोई पर लगाया हत्या का आरोप, फिलहाल मामले में नहीं दी तहरीर

**अमृत विचार :** बरेली-मथुरा राजमार्ग पर गांव नौशेरा के पास ट्रक ने बाइक सवार दंपती को टक्कर मार दी। महिला की मौत हो गई जबकि उसका पति गंभीर रूप से घायल हो गया। महिला के भाई ने बहनोई पर बहन की हत्या करने का आरोप लगाया। अभी तहरीर नहीं दी गई है।

जिला शाहजहांपुर के थाना परौर क्षेत्र के गांव बरायखेड़ा निवासी परवेंद्र कुमार अपनी पत्नी रोशनी (30) को दवा दिलाने के लिए बाइक से राजकीय मेडिकल कॉलेज ले जा रहे थे। गांव नौशेरा के पास घने कोहरे में पीछे से तेज रफ्तार से आए ट्रक ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। रोशनी सिर के बल राजमार्ग पर गिर गईं। परवेंद्र बाइक से दूर जा गिरे। चालक ट्रक मौके पर छोड़कर भाग गया। शेखूपुर चौकी पुलिस ने दंपती को राजकीय मेडिकल कॉलेज लेकर गई। जहां चिकित्सक ने रोशनी को मृत घोषित कर दिया। घायल का इलाज शुरू किया। ट्रक को चौकी पर खड़ा कराया गया है। परिजन विलाप करते हुए राजकीय मेडिकल कॉलेज पहुंचे। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। जहां रोशनी के भाई स्वदेश पाल ने घायल परवेंद्र पर बहन की हत्या करने का आरोप लगाया। बताया कि बहन की शादी 2010 मे परवेंद्र के साथ हुई थी। शादी के कुछ साल के बाद ही वह उनकी छोटी बहन को भी साथ ले आया था। उससे एक बेटा है। आरोप है कि वह उनकी दोनों बहनों को साथ रखता था। रोशनी को प्रताड़ित करता रहता था जिससे परवेंद्र पर रिपोर्ट भी दर्ज कराई थी। अब सुनियोजित ढंग से बहन की हत्या ट्रक की टक्कर से करा दी है।

# 4 तस्कर पकड़े, 1.6 किग्रा अफीम बरामद

संवाददाता, बिसौली



पुलिस गिरफ्त में अफीम के साथ पकड़े तस्करी के आरोपी। ● अमृत विचार

- बिसौली पुलिस ने अलग-अलग स्थानों से तस्करी के आरोप में चार लोगों को किया गिरफ्तार

**अमृत विचार :** बिसौली कोतवाली पुलिस ने अलग-अलग स्थानों से अंतर्जनपदीय मादक पदार्थ तस्करी गैंग के चार सदस्यों को गिरफ्तार किया है। उनके पास से एक किलो 600 ग्राम अफीम और एक बाइक बरामद की है। अंतर्राष्ट्रीय बाजार में अफीम की कीमत लगभग 16 लाख रुपये है।

एसएसपी आलोक प्रियदर्शी के निर्देश पर मादक पदार्थ बिक्री और तस्करी के खिलाफ अभियान चलाया जा रहा है। कोतवाली बिसौली पुलिस मंगलवार को संदिग्ध व्यक्ति और वाहनों की चेकिंग के दौरान अलग-अलग स्थान पर दबिश दी। थाना वजीरगंज क्षेत्र के गांव अगेई निवासी राजू पुत्र गोकिल राम को 500 ग्राम अफीम व बाइक, बिसौली क्षेत्र के गांव धर्मपुर बिहारीपुर निवासी मुकेश पुत्र श्रीराम को 450 ग्राम अफीम, थाना कुंवरगांव क्षेत्र के गांव केदार पुत्र नत्थू लाल को 370 ग्राम अफीम, जिला बरेली के थाना विशारतगंज क्षेत्र के गांव लुहारी निवासी नाजर पुत्र मेहर सिंह को 280 ग्राम अफीम के साथ गिरफ्तार किया। चारों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के अंतर्गत रिपोर्ट दर्ज की। पुलिस की पूछताछ में चारों ने बताया कि उन्होंने जिला बरेली के थाना आंवला क्षेत्र के गैनी अलीपुर रेलवे क्रासिंग के पास से हेलमेट पहने बाइक सवार से अफीम खरीदी थी। आसपास के शहरों में ट्रक चालकों

# स्कूल बस की टक्कर से पलटा ऑटो, युवक की मौत

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- तीन घायलों को भेजा राजकीय मेडिकल कॉलेज
- बुधवार को एआरटीओ चौराहे से बिल्सी मार्ग पर हुआ हादसा


हादसे की सूचना पर मौके पर पहुंचे प्रभारी निरीक्षक गौरव विश्नोई।


मृतक श्रीपाल।

**अमृत विचार :** दो दिन से घने कोहरे की वजह से हादसे बढ़ गए हैं। मंगलवार को बच्चों को स्कूल ले जाने वाली ईको कार, डीसीएम और रोडवेज बस में भिड़ंत से तीन बच्चे समेत चार लोगों की मौत हो गई थी। अगले दिन बुधवार को भी एआरटीओ कार्यालय के पास बिल्सी मार्ग पर एक स्कूल बस ने ऑटो को टक्कर मार दी, जिससे ऑटो पलट गया। एक ग्रामीण की मौत हो गई। चालक समेत तीन लोग घायल हो गए। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया। घायलों को राजकीय मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया।

बिल्सी कोतवाली क्षेत्र के गांव रायपुर मजरा निवासी श्रीपाल (26) पुत्र अमर पाल मजदूरी और सब्जी बेचकर परिवार का पालन पोषण करते थे। बुधवार सुबह वह अपने गांव निवासी प्रेमपाल सिंह के साथ सब्जी बेचने के लिए गांव दबिहारी निवासी मोतीलाल के ऑटो से आए थे। सब्जी बेचने के बाद वापस लौट रहे थे।

ऑटो प्रमोद चला रहे थे। ऑटो में मोतीलाल का बेटा कालू भी बैठा था। घना कोहरा था। सुबह लगभग साढ़े आठ बजे एआरटीओ चौराहे से बिल्सी मार्ग पर सामने से आई स्कूल बस ने ऑटो को टक्कर मार दी। ऑटो पलट गया। श्रीपाल की मौके पर मौत हो गई जबकि प्रेमपाल सिंह, चालक प्रमोद, कालू घायल हो गया। बस का चालक भाग गया।

राहगीरों की सूचना पर कोतवाली सिविल लाइन के प्रभारी निरीक्षक गौरव विश्नोई, शेखूपुर चौकी इंचार्ज विनोद द्विवेदी मौके पर पहुंचे। सभी को राजकीय मेडिकल कॉलेज ले जाया गया। शव का पोस्टमार्टम कराया। मौत के बाद परिवार में कोहराम मचा है। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि लोगों ने बताया है कि ऑटो को स्कूल बस ने टक्कर मारी है। जिसकी तलाश की जा रही है।

# मृत महिला का बच्चा भेजा अनाथालय

कार्यालय संवाददाता, बदायूं


रेल की पटरी के पास मिला अज्ञात बच्चा।

- जिला अस्पताल में दी गयी दवा, बच्चे को देखने वालों की लगी भीड़

**अमृत विचार :** ट्रेन से कट कर जान देने वाली अज्ञात महिला का एक वर्षीय पुत्र को जिला अस्पताल से बुधवार को अनाथालय भेज दिया गया। बच्चे के होंठ में चोट लगी होने के कारण डॉक्टरों ने चौबीस घंटे तक उसको अपनी देखरेख में रखा। बच्चे को जिला प्रोबेशन अधिकारी के आदेश पर अनाथालय में भेजा गया है।

थाना फैजगंज बेहटा क्षेत्र में सोमवार की रात को ग्रामीणों ने रेलवे लाइन के पास किसी बच्चे की रोने की आवाज सुनी। ग्रामीण जब उसके पास पहुंचे तो लगभग एक साल का बच्चा रेलवे लाइन से कुछ ही दूरी पर रो रहा था। उसके होंठ में चोट लगी होने से खून बह रहा था। ग्रामीणों ने देखा कि रेलवे लाइन पर एक महिला का क्षत विक्षत शव पड़ा था। ग्रामीणों ने इस मामले की सूचना थाना पुलिस को दी। पुलिस मौके पर पहुंच गयी।

पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेज दिया जबकि बच्चे को जिला अस्पताल में भर्ती कराया। बच्चे को पुलिस ने अस्पताल में भर्ती कराने के बाद इस घटना की सूचना बड़े अधिकारियों को दी। बच्चे को जिला अस्पताल में देखने को कई लोग पहुंच गए। महिला के शव की शिनाख्त नहीं हो सकी है।

जिला अस्पताल के सीएमएस डा. कप्तान सिंह ने बताया कि बच्चा करीब 24 घंटे तक जिला अस्पताल में रहा। उसका इलाज किया गया। वह स्वयं बच्चे को देखते रहे, साथ ही कई अन्य चिकित्सक भी बच्चे की देखरेख में लगाए गए। बच्चे को दूध पिलाया गया। बुधवार को पुलिस ने बच्चे को सीडब्लूसी के समक्ष पेश किया वहां से बाल कल्याण समिति के आदेश पर नेकपुर स्थित बाल कल्याण गृह भेज दिया गया।

> बच्चा ठीक है। उसको अनाथालय में भेजा गया है। वहां पर डॉक्टर उसे देख रहे हैं। महिला के बारे में कोई जानकारी नही मिल सकी है। बच्चे को बाल कल्याण समिति ने बाल कल्याण गृह में रखा है। अब तक किसी ने बच्चे व महिला के बारे में कोई जानकारी नहीं दी है।
> – **अभय कुमार** – जिला प्रोबेशन अधिकारी।

# सर्राफा की दुकान में नकब लगाकर चोरी कर लिए जेवर

कार्यालय संवाददाता, बदायूं


चोरी के लिए दुकान में लगाया गया नकब।

**अमृत विचार :** चोरों ने कस्बा दहगवां के एक सर्राफ की दुकान को निशाना बनाया। दुकान में नकब लगाकर चोर घुसे। दुकान में रखे ग्राहकों के सोने, चांदी के जेवर और नगदी चोरी करके ले गए। सुबह चोरी की जानकारी होने पर पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस मौके पर पहुंची। जल्द ही खुलासा करने का आश्वासन दिया है।

थाना जरीफनगर क्षेत्र के कस्बा दहगवां के वार्ड सात निवासी सुनील वर्मा की मुख्य बाजार में सर्राफा की दुकान है। उन्होंने बताया कि वह दुकान पर जेवरात को बनाते हैं और निखारते हैं। कुछ ग्राहकों ने दुकान पर जेवर रखे थे। कस्बा निवासी प्रदीप वर्मा के 500 ग्राम, मुकेश कुमार उर्फ पप्पू भैया ने 800 ग्राम चांदी आभूषण बनाने के लिए दी थी। उनकी खुद की 500 ग्राम चांदी, सोना और 10 हजार रुपये दुकान में रखे थे। मंगलवार को उन्होंने दुकान बढ़ाई और घर चले गए थे। रात में चोरों ने दुकान में पीछे से नकब लगाया।

अलमारी में रखी चांदी, सोना और रुपये चोरी कर लिए। बुधवार सुबह दुकान खोलने पहुंचे तो चोरी की जानकारी हुई। आसपास के व्यापारी आ गए। पुलिस को सूचना दी। फॉरेंसिक टीम मौके पर पहुंची और साक्ष्य एकत्रित किए। इससे अन्य दुकानदारों में दहशत है। इंस्पेक्टर राकेश कुमार सिंह ने बताया कि जल्द ही घटना का खुलासा किया जाएगा।

# कोहरे में डंपर में घुसी कार, चालक गंभीर

कार्यालय संवाददाता, बदायूं


डंपर से टकराई कार। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** थाना मूसाझाग क्षेत्र में दातागंज मार्ग पर गांव गुलड़िया के पास एक कार घने कोहरे में डंपर में जा घुसी। इसमें कार चालक गंभीर रूप से घायल हो गए। कार सवार तीन लेखाकार, दो कंप्यूटर ऑपरेटर मामूली रूप से चोटिल हो गए। कार चालक को जिला अस्पताल में भर्ती किया गया है। पुलिस ने डंपरचालक को पकड़ लिया।

लखनऊ में मनरेगा का दो दिन का प्रशिक्षण होना है। इसमें विकास खंड कार्यालयों में तैनात लेखाकार, कंप्यूटर ऑपरेटर को जाना था। दहगवां नगर पंचायत के लेखाकार हरिओम गुप्ता, आसफपुर के अशोक पाल, जगत के ग्रीश पाल, जगत के कंप्यूटर ऑपरेटर अकरम, विकास भवन के ऑपरेटर आशीष ने लखनऊ जाने के लिए कार बुक की। बुधवार सुबह लखनऊ के लिए निकले थे। कार शहर के मोहल्ला महाराज नगर निवासी कुलदीप शर्मा चला रहे थे। रास्ते में घना कोहरा था। वह बुधवार सुबह लगभग आठ बजे दातागंज मार्ग पर गांव गुलड़िया के ईंट भट्ठे के पास पहुंचे। कार डंपर से जा टकराई। तेज टक्कर की वजह से कार के आगे का हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया। कार का शीशा टूटकर कुलदीप शर्मा के गले में लग गया। वह गंभीर रूप से घायल हो गए। कार सवार अन्य लोगों को मामूली चोट आईं। पुलिस ने कुलदीप शर्मा को भर्ती कराया है।

### मटर लेकर जा रहा ट्रक खाई में पलटा

**उझानी।** कासगंज से मटर लेकर हल्द्वानी जा रहा ट्रक कोतवाली उझानी क्षेत्र में छतुइया रेलवे क्रॉसिंग के पास खाई में पलट गया। ट्रक की बॉडी क्षतिग्रस्त हो गई। कंडक्टर गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे प्राइवेट नर्सिंग होम में भर्ती कराया गया है। कासगंज के मोहनपुरा स्थित ठाकुर ट्रांसपोर्ट का ट्रक मंगलवार रात मटर लेकर हल्द्वानी जा रहा था। घना कोहरा होने की वजह से छतुइया रेलवे क्रॉसिंग के पास ट्रक अनियंत्रित होकर खाई में पलट गया। कंडक्टर मोहम्मद उमर गंभीर रूप से घायल हो गए। चालक फिरोज खा मामूली रूप से चोटिल हुए। चालक ने ट्रांसपोर्टर कंपनी के मालिक को सूचना दी है।

# गृह क्लेश में युवक ने फंदा लगाकर दी जान

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- बुधवार दोपहर युवक के घर के कमरे में लटका मिला शव

**अमृत विचार :** गृह क्लेश से परेशान युवक ने फंदा लगाकर जान दे दी। परिजनों ने पुलिस को सूचना दिए बिना शव का अंतिम संस्कार कर दिया। मौत के बाद परिवार में कोहराम मच गया।

थाना जरीफनगर क्षेत्र के गांव मालपुर ततेरा निवासी करन सिंह (28) पुत्र मटरु का शव बुधवार दोपहर उनके घर के कमरे में साड़ी के फंदे पर लटका मिला। कुछ समय के बाद परिजन कमरे में गए तो शव को कुंदे पर लटका देखा। मौके पर चीख पुकार मच गई। चिल्लाने की आवाज सुनकर पड़ोसी उनके घर पर पहुंचे। परिजनों ने शव फंदे से उतारा। पुलिस को घटना की सूचना नहीं दी। बिना पोस्टमार्टम कराए शव का अंतिम संस्कार कर दिया। परिजनों के अनुसार वह काफी समय से अवसाद में था। ग्रामीणों में चर्चा है कि गृह कलेश की वजह से उन्होंने आत्महत्या का कदम उठाया। थाना जरीफनगर के प्रभारी निरीक्षक राकेश कुमार ने बताया कि परिजनों की ओर से पुलिस को सूचना नहीं दी गई है।

### महिला ने की खुदकुशी की कोशिश

**उघैती।** गृह क्लेश से परेशान एक महिला ने फंदा लगाकर आत्महत्या का प्रयास किया। परिजनों ने उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया है, जहां उसकी हालत गंभीर बनी हुई है। थाना क्षेत्र के गांव कोठा में मंगलवार सुबह करीब 10 बजे जमीनी विवाद के चलते कपिल शर्मा की पत्नी ज्योति शर्मा 23 वर्ष ने कमरे में जाकर फंदा लगा कर आत्महत्या का प्रयास किया। तभी घर में मौजूद पति कपिल एवं परिवार के सदस्यों ने उसको फंदे से उतार लिया। उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया है। मायके से लड़की की मां अनीता निवासी खुशालपुर ने थाना पुलिस को तहरीर देते हुए बताया कि ज्योति की शादी 11 माह पूर्व कपिल के साथ की थी। उसे यहां दहेज के लिए तंग कर घर से बाहर निकलने का प्रयास भी किया। पुलिस जांच कर रही है।

# बच्चों एवं गर्भवती महिलाओं के टीकाकरण में न बरतें लापरवाही

**बिल्सी, अमृत विचार :** नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर बुधवार को प्रभारी चिकित्सा अधीक्षक डा.सर्वेश कुमार ने क्षेत्र की सभी एएनएम एवं स्वास्थ्य कर्मियों के साथ टीकाकरण को लेकर एक बैठक ली। इसमें उन्होंने टीकाकरण को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि बच्चों एवं महिलाओं का शत प्रतिशत टीकाकरण होना चाहिए, जो भी इस कार्य में लापरवाही बरतेगा उसके खिलाफ विभागीय कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने बताया कि वैक्सीन चिकित्सा जगत की सबसे बड़ी खोज मानी जाती है। इसके विकसित होने से आज गंभीर और घातक बीमारियों का इलाज संभव हो पाया है। खासकर जन्म के बाद शिशुओं के लिए यह काफी जरूरी हो गया है। भारत में चलाए जा रहा यूनिवर्सल टीकाकरण कार्यक्रम (यूआईपी) दुनिया में सबसे बड़ा सार्वजनिक स्वास्थ्य कार्यक्रम है। इस योजना के तहत सालाना तीन करोड़ से अधिक गर्भवती महिलाओं और ढाई करोड़ से अधिक नवजात शिशुओं को स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने का लक्ष्य रखा गया है।

**बड़ी सफलता** सर्विलांस पर लगाकर पुलिस ने तलाशे मोबाइल, लोगों को कराए वितरित, पुलिस की कार्रवाई पर जताई संतुष्टि

# तीन साल पहले खोए 15 लाख के 102 मोबाइल दिलाए वापस

कार्यालय संवाददाता, बदायूं


महिला को मोबाइल देते एसएसपी आलोक प्रियदर्शी। ● अमृत विचार


एसएसपी के साथ मौजूद लोगों का मोबाइल बरामद करने वाली टीम।

**अमृत विचार :** लगभग तीन साल पहले अपना मोबाइल फोन खोने वाले लोगों के चेहरे पर पुलिस ने खुशी ला दी। बुधवार को पुलिस ने 102 लोगों को उनके तकरीबन 15 लाख रुपये के मोबाइल वापस दिलाए। एसएसपी आलोक प्रियदर्शी ने लोगों को मोबाइल दिए और बधाई दी। लोगों ने पुलिस की कार्यशैली की सराहना की।

पिछले लगभग दो साल से कई लोगों के मोबाइल या तो कहीं गिर गए थे या कहीं भूलने से छूट गया। उन्होंने समय से पुलिस से शिकायत की थी। मामला सर्विलांस सेल तक पहुंचा। पुलिस ने सभी मोबाइल नंबरों को सर्विलांस पर लगाया। नंबरों को ट्रैक किया। मोबाइल नंबर प्राप्त किए। जिसके बाद मोबाइल नंबरों के मालिकों को फोन करके सूचना दी। लोगों को भरोसा नहीं हुआ लेकिन बुधवार को वह रिजर्व पुलिस लाइन पहुंचे। एसओजी टीम ने बारी-बारी से लोगों को बुलाया। एसएसपी ने उन्हें मोबाइल सौंपा। किसी का मोबाइल आंशिक रूप से क्षतिग्रस्त था तो किसी का मोबाइल जस की तस मिला। किसी का मोबाइल दो साल पहले तो किसी का 8 महीने पहले खोया था। लोगों ने पहले अपना मोबाइल ऑन करके उसका डाटा चेक किया। हाथ में मोबाइल लेने के बाद भी उन्हें भरोसा नहीं था कि जिस मोबाइल को वह भूल चुके हैं वह उन्हें मिल जाएगा।

मोबाइल बरामद करने वाली टीम में सर्विलांस सेल प्रभारी नीरज कुमार, उपनिरीक्षक धर्वेंद्र कुमार, हेड कांस्टेबल संजय सिंह, मुकेश कुमार, सचिन कुमार झा, विपिन कुमार, शराफत हुसैन, सचिन कुमार, कांस्टेबल अरविंद कसाना, भूपेंद्र, आजाद, कुशकांत, मनीष कुमार रहे।

### लोगों ने दी अपनी प्रतिक्रिया


तकरीबन दो साल पहले एक बैठक के दौरान मोबाइल जेब से गायब हो गया था। काफी ढूंढने के बाद भी नहीं मिला तो नया मोबाइल फोन लेकर उसके बारे में छोड़ दिया था। अब खुशी है। – **अंकित पटेल**


वर्ष 2021 में शहर के ओवरब्रिज के पास एक दुकान पर मोबाइल रखा था। जहां से मोबाइल गायब हो गया था। अब पुलिस ने मोबाइल वापस दिलाया। खुशी है लेकिन मोबाइल टूटा होने से दुख भी है। – **विनोद कुमार**


लगभग आठ महीने पहले कस्बा अलापुर की ओर जाते समय भाई का मोबाइल खो गया था। वह बहुत परेशान हुए थे लेकिन मोबाइल नहीं मिला था। पुलिस से शिकायत की और अब मोबाइल मिल गया। – **सनी**


दस महीने पहले शहर में एक शादी समारोह में गए थे। जहां जेब से मोबाइल निकल गया था। अगले दिन पुलिस से शिकायत की थी। मंगलवार को पुलिस का फोन आया और अपना मोबाइल ले जाने को कहा। खुशी हूं। – **नवीन कुमार गुप्ता**

## एक नजर

### अरुण कुमार होंगे जनपद के नए सिटी मजिस्ट्रेट

**बदायूं।** सिटी मजिस्ट्रेट रामजी लाल का शासन स्तर से जिला मथुरा के लिए स्थानांतरण कर दिया गया है। उनके स्थान पर जिला मुजफ्फरनगर में कार्यरत अरुण कुमार को बदायूं का सिटी मजिस्ट्रेट बनाया गया है। वह एक दो दिन में अपना कार्यभार ग्रहण कर सकते हैं।

लोकसभा चुनाव के चलते शासन स्तर से अधिकारियों के ट्रांसफर किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में सिटी मजिस्ट्रेट रामजीलाल का स्थानांतरण मथुरा के लिए शासन स्तर से किया गया है। इनके स्थान पर जिला मुजफ्फरनगर में कार्यरत अरुण कुमार को बदायूं का सिटी मजिस्ट्रेट बनाया गया है। बताया जा रहा है कि नवागत सिटी मजिस्ट्रेट एक दो दिन में अपना कार्यभार ग्रहण कर लेंगे।

### बच्चों को डिजिटल माध्यम से पोस्टर बनाना सिखाया

**बदायूं।** मदर एथीना स्कूल में कक्षा सात और आठ के बच्चों को डिजिटल माध्यम से पोस्टर बनाना सिखाया गया। स्कूल की निदेशिका चयनिका सारस्वत ने बताया कि वर्तमान युग कंप्यूटर का युग है। इसी के माध्यम से सभी कार्य हो रहे हैं। कंप्यूटर के प्रति बच्चों को कार्यशाला में निपुण बनाया जा रहा है।

### जागरुकता शिविर आज से

**बदायूं।** जिला ग्रामोद्योग अधिकारी प्रदीप कुमार ने जानकारी देते हुए अवगत कराया कि विभागीय योजनाओं के प्रचार-प्रसार के लिए एक दिवसीय जागरुकता शिविर का आयोजन किया जाएगा। यह शिविर प्रीत विहार कॉलोनी में लगेगा। जहां लोगों को विभाग की विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी जाएग।

### चोरी से चल रही आरा मशीन

**कादरचौक।** क्षेत्र में जिन आरा मशीनों को वन रेंजर द्वारा बंद करा दिया था। वह चोरी छुपे चल रही हैं। क्षेत्र के गांव गंगी नगला और लभारी में चल रही आरा मशीनों को कुछ दिनों पूर्व वन रेंजर मोहन सिंह द्वारा बंद कराया था। अब यह मशीनें दोबारा से फिर शुरू हो गई हैं। इन मशीनों पर अवैध रूप से कटान होकर आ रहे हरे पेड़ों की चिराई की जा रही है। डीएफओ प्रदीप कुमार वर्मा ने बताया कि अगर ऐसा है तो आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

# 1238 हरे भरे पेड़ काटे जाएंगे, तब शुरू होगा बदायूं-उसावां रोड का निर्माण

## वर्षों से टूटे पड़े मार्ग का अब होगा जीर्णोद्धार, क्षेत्र के लोगों को होगा लाभ, तैयारी शुरू

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार:** वर्षों से टूटे पड़े बदायूं-उसावां मार्ग का जीर्णोद्धार करने के साथ ही दोनों ओर से डेढ़ मीटर चौड़ा किया जाना है। इसके लिए 1238 पेड़ों को काटा जाएगा। एक हजार से अधिक विद्युत पोल भी शिफ्ट किए जाने हैं। पेड़ों का कटान करने और विद्युत पोल हटाने के लिए पीडब्ल्यूडी के अधिकारियों द्वारा पत्राचार किया गया है जिससे चौड़ीकरण का कार्य शीघ्र शुरू हो सके।

बदायूं से उसावां मार्ग की लंबाई करीब तीस किलोमीटर है। यह रोड़ कई स्थानों पर बुरी तरह से टूटा पड़ा हुआ है। इस रोड के निर्माण में सौ करोड़ से अधिक की धनराशि खर्च होनी है। इसके लिए शासन ने स्वीकृति प्रदान करने के साथ ही करीब 35 करोड़ की धनराशि जारी कर दी है। बजट मिलने के बाद विभाग द्वारा रोड के निर्माण को लेकर काम शुरू कर दिया है। वहीं, दूसरी ओर रोड कम चौड़ा होने की दशा में इसका चौड़ीकरण भी किया जाना है। सड़क के दोनों और डेढ़-डेढ़ मीटर की चौड़ाई बढ़ाई जाएगी। चौड़ीकरण करने के लिए पेड़ों को काटा जाना है। जिसका विभाग द्वारा सर्वे किया गया है। चौड़ीकरण में बाधा बने 1238 पेड़ों को काटा जाएगा। इसमें करीब एक करोड़ 25 लाख से अधिक का खर्च आना है। पीडब्ल्यूडी विभाग द्वारा ये जिम्मा वन विभाग को दिए जाने हैं जिससे पेड़ों को काटा जा सके। इसी तरह 1,119 से अधिक विद्युत पोल को भी अन्य स्थान पर शिफ्ट किया जाएगा। इसमें करीब 12 करोड़ से अधिक की धनराशि खर्च होगी। विद्युत पोल को शिफ्ट करने और पेड़ को काटने के लिए पीडब्ल्यूडी विभाग के अधिकारियों द्वारा इन विभागों के विभागाध्यक्षों को पत्र भेजा है। विद्युत पोल शिफ्ट होने और पेड़ों के कटने के बाद रोड दोनों ओर से डेढ़-डेढ़ मीटर चौड़ा हो जाएगा। इससे आवागमन में वाहन चालकों को लाभ होगा। साथ ही मार्ग में पड़ने वाले आधा दर्जन से अधिक गांव के लोगों को भी फायदा पहुंचेगा।

**पीडब्ल्यूडी ने विद्युत विभाग और वन विभाग को भेजा पत्र**

> बदायूं उसावां मार्ग के निर्माण का कार्य शुरू हो गया है। इस रोड को चौड़ा किया जाना है। इसके लिए पेड़ और विद्युत पोल हटाए जाने हैं। विभागों के विभागाध्यक्षों को पत्र भेजा है ताकि काम में कोई रुकावट न आए।
> – **मनीष कुमार सिंह**, अधिशासी अभियंता, पीडब्ल्यूडी।

## आशाओं ने सरकार के खिलाफ खोला मोर्चा

**बदायूं, अमृत विचार :** सरकार की हठधर्मी और वादाखिलाफी के खिलाफ पूरे प्रदेश की आशा संगिनी वर्कर्स ने मोर्चा खोल दिया है। प्रांतीय आह्वान पर बुधवार को सैकड़ों आशा संगिनी वर्कर्स ने कलेक्ट्रेट पर धरना प्रदर्शन कर सीधे सरकार को चुनौती दी। आशा संगिनी अब तीन दिवसीय धरना प्रदर्शन करने को लखनऊ पहुंच रही हैं। लखनऊ में 2 फरवरी तक प्रांत स्तर पर धरना प्रदर्शन देंगी।

बुधवार को कलेक्ट्रेट स्थित मालवीय आवास गृह पर उत्तर प्रदेश आशा वर्कर्स यूनियन ने धरना प्रदर्शन किया। आशा वर्कर्स यूनियन की जिलाध्यक्ष जौली वैश्य ने कहा कि सरकार आशा वर्कर्स के साथ वादाखिलाफी कर रही है। उनकी मांगों पर ध्यान नही दिया जा रहा है।

इस मौके पर रेखा, ऊषा, निर्दोष, शशि, मंजू, सरोज मीना, मुनीषा, गीता, विमलेश, सुधा, सुमन, सुषमा, विनीता सहित सैकड़ों आशा वर्कर्स संगिनी मौजूद रही।

# दो लाख की मांग, न देने पर जमीन पर किया कब्जा

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**एसएसपी से शिकायत के बाद सिविल लाइन पुलिस ने दर्ज की रिपोर्ट**

**अमृत विचार :** तीन लोगों ने जमीन पर कब्जा कर लिया। खेत के मालिक से दो लाख रुपये की मांग की। रुपये न देने पर फसल उजाड़ने की धमकी दी। शिकायत के बाद भी पुलिस ने कार्रवाई न की तो पीड़ित ने एसएसपी से शिकायत की। एसएसपी के आदेश पर तीन आरोपियों के खिलाफ मारपीट, धमकाने, जबरदस्ती वसूली करने आदि के आरोप में रिपोर्ट दर्ज की गई है।

कोतवाली सदर क्षेत्र में नूरी चौक निवासी जाकिर हुसैन ने एसएसपी से शिकायत करके बताया कि गांव गालिब पट्टी मौजमपुर नेहनगर में गाटा संख्या 370 पर उनकी साढ़े छह बीघा जमीन है। 29 जनवरी को वह खेत पर फसल देखने गए थे। जहां मोहल्ला नाहर खां निवासी उमैर सलीम, मोहल्ला जालंधरी सराय निवासी समीर पुत्र सलीम, गुड्डू मिले। वह धमकी देने लगे। कहा कि अगर दो लाख रुपये नहीं दिए तो उनकी फसल उजाड़ देंगे। जमीन पर भी कब्जा कर लेंगे। वह बदमाश हैं। कुछ भी कर सकते हैं। राजनीति में उनकी पहचान है। जाकिर हुसैन ने रुपये देने से मना कर दिए तो उन्होंने गाली-गलौज शुरू कर दी। जान से मारने की धमकी देने लगे। कुछ देर के बाद उन्होंने जबरदस्ती खेत की मेड़ खोद दी और कब्जा कर लिया। आरोप है कि वह लोग पहले भी मारपीट कर चुके हैं। एसएसपी के आदेश पर कोतवाली सिविल लाइन पुलिस ने आरोपी उमैर सलीम, समीर और गुड्डू के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करके जांच शुरू कर दी है।

# बकाए के 22.5 लाख का किया भुगतान

संवाददाता, उसावां

**नगर पंचायत के सफाईकर्मी सेवानिवृत्त कर्मी व अन्य का पिछले कार्यकाल से शेष था बकाया**


कर्मियों का भुगतान करतीं चेयरमैन प्रियंका सिंह।

**अमृत विचार :** नगर पंचायत के सफाईकर्मी, सेवानिवृत्त कर्मचारी और मृतक कर्मचारियों के सामने पुराने भुगतान की समस्या थी। लगातार मांग करने के बाद भी पिछले कार्यकाल में उनका भुगतान नहीं हो पा रहा था। बुधवार को चेयरमैन प्रियंका अनिल सिंह चौहान ने लगभग साढे बाईस लाख रुपये का भुगतान किया। उत्तर प्रदेशीय सफाई मजदूर संघ कर्मचारी महासंघ ने चेयरमैन का आभार व्यक्त किया है। सफाई कर्मचारियों को पुराना भुगतान मिलने के बाद सफाई कर्मचारियों के चेहरे खुशी से खिल उठे।

पिछले कई सालों से नगर पंचायत की ओर से कर्मचारियों के देय भुगतान और बोनस का आश्वासन तो दिया, लेकिन भुगतान नहीं किया। सफाई कर्मचारियों की इस समस्या को चेयरमैन ने संज्ञान लिया और कर्मचारियों के बकायों का भुगतान कराया है। बुधवार को चेयरमैन ने सफाई कर्मचारी सेवानिवृत्त व मृतक कर्मचारी फूलचंद के शेष रह गए छह लाख रुपये का भुगतान उनकी पत्नी विमला देवी को किया। इसके अलावा सेवानिवृत्त कर्मचारी गेंदन लाल की बकाया चार लाख 78 हजार 680 रुपये व सेवानिवृत्त सीनियर कर्मचारियों में से एक रमेश चंद्र को 11 लाख 44 हजार 6 सौ 81 रुपये भुगतान किया। इस प्रकार नगर पंचायत ने 22 लाख 23 हजार तीन सौ 61 रुपये का भुगतान किया। सफाई संगठनों के कर्मचारियों ने चेयरमैन का माल्यार्पण करके आभार जताया। चेयरमैन प्रियंका अनिल सिंह चौहान ने कहा कि कर्मचारी नगर पंचायत की जान हैं। वह वेतन, बोनस, ग्रेच्युटी पर निर्भर हैं। उनकी जिम्मेदारी नगर के विकास के साथ पंचायत कर्मचारियों की भी हैं। उनके बिना शहर का विकास संभव नहीं है।इस मौके पर सभासद पवन गुप्ता, विनोद गुप्ता, राजकुमार, सेवाराम, धर्मेश ध्रुव सिंह, ओमेंद्र, रामकिशोर, महावीर राठौर नारायण गुप्ता, चेयरमैन प्रतिनिधि धर्मेंद्र सिंह चौहान, अरुल प्रताप सिंह सहित आदि रहे।

# कुष्ठ रोगियों से न करें द्वेष भाव, उन्हें लगाएं गले

कार्यालय संवाददाता, बदायूं


रैली निकालते स्कूली बच्चे और शिक्षक।


कुष्ठ रोग जागरुकता रैली निकालते कर्मचारी।

**अमृत विचार :** राष्ट्रीय कुष्ठ उन्मूलन कार्यक्रम के स्पर्श कुष्ठ जागरुकता अभियान के क्रम में दूसरे दिन एक विशाल कुष्ठ रैली का आयोजन जिला कुष्ठ परामर्शदाता डॉ सुधीर कुमार गुप्ता ने जिला कुष्ठ अधिकारी डॉक्टर पंकज शर्मा के निर्देशन में किया। रैली को एडिशनल डिस्ट्रिक्ट जज सारिका गोयल ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

बुधवार को रैली सीएमओ प्रांगण से शुरू हुयी जो रोडवेज होते हुए पुलिस लाइन के सामने से होते हुए वापस जिला अस्पताल के सामने अंबेडकर पार्क पहुंच कर संपन्न हुई। रैली में परशुराम विद्या मंदिर इंटर कॉलेज के छात्रों एवं अध्यापक तथा विधिक सेवा प्राधिकरण तथा कुष्ठ विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारियों ने प्रतिभाग किया। रैली में अंबेडकर पार्क में एक सभा आयोजित की गयी। सभा में डॉ. सुधीर कुमार गुप्ता ने कुष्ठ रोगियों से भेदभाव न कर उन्हें सम्मान से गले लगाने की अपील की तथा उन्हें समाज की मुख्यधारा में लाने के लिए प्रेरित किया।

रैली में अध्यापक विकास सलोनी, पवन शंखधार, आकाश उपाध्याय तथा विधिक सेवा प्राधिकरण के ओम शरण, सचिन कुमार, आरती एवं कुमकुम तथा कुष्ठ विभाग के एन एम ए मानवीर सिंह, पीएमडब्ल्यू गौरव यादव तथा नीटू, सुखपाल, संदीप एवं नाथूलाल आदि ने सहयोग किया।

### जागरुकता रैली में डीएम का संदेश पढ़ा

**ककराला।** राष्ट्रीय कुष्ठ उन्मूलन कार्यक्रम के अंतर्गत गांधी जी की पुण्यतिथि के अवसर पर स्पर्श कुष्ठ जागरुकता अभियान चलाया गया। कार्यक्रम के माध्यम से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ककराला पर जिले को कुष्ठ रोग मुक्त बनाने के लिए जिलाधिकारी का संदेश पढ़ा गया, जिससे कुष्ठ रोगियों से भेदभाव न करने की शपथ ली गई और उन्हें समाज की मुख्यधारा से जोड़ने के लिए प्रेरित किया गया। इस अवसर पर फार्मासिस्ट मुस्लिम पीएमडब्ल्यू जीशान खां, अज्जू, स्टाफ नर्स मौजूद रहे।

# जयंती पर याद किए गए बनवारी सिंह

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** समाजवादी पार्टी को जनपद में शिखर तक ले जाने वाले पूर्व राज्य मंत्री स्व. बनवारी सिंह यादव की जयंती के उपलक्ष्य में सपा कार्यालय पर सपा जिलाध्यक्ष आशीष यादव की अध्यक्षता में एक गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी से पूर्व स्व. बनवारी सिंह यादव के चित्र पर माल्यार्पण किया गया।

बुधवार को गांधी नगर स्थित सपा कार्यालय पर आयोजित गोष्ठी की अध्यक्षता करते हुए सपा जिलाध्यक्ष आशीष यादव ने कहा कि स्व. बाबू जी ने अपना पूरा जीवन समाजवादी पार्टी की सेवा में लगा दिया। नेता जी के सानिध्य में जनपद में एक एक कार्यकर्ता को जोड़कर पूरा समाजवादी परिवार बनाया। विपरीत परिस्थितियों में भी जुझारू व्यक्तित्व के धनी स्व. बाबू जी ने संघर्ष के समय में मुलायम सिंह यादव के नेतृत्व में किसान, छात्र, नौजवान, व्यापारी, पीड़ित, शोषित, दलित व अल्पसंख्यक आदि समाज के हर वर्ग के लिए सड़क पर उतरकर संघर्ष किया।अपने संघर्ष के बल पर ही स्व. बनवारी सिंह यादव एक किसान परिवार से उठकर प्रदेश सरकार में राज्यमंत्री के साथ साथ विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन हुए।

सहसवान से विधायक ब्रजेश यादव, शेखुपुर से विधायक हिमान्शु यादव, पूर्व विधायक प्रेमपाल सिंह यादव, कैप्टन अर्जुन सिंह, पूर्व मंत्री रजनीश गुप्ता, अवधेश यादव, गुलफाम सिंह, बलवीर सिंह, ओमवीर सिंह, किशोरीलाल शाक्य, अशोक यादव आदि रहे।

### दलित पिछड़े वर्ग के लोग सपा से जुड़े



**उझानी।** समाजवादी पार्टी के प्रांतीय आह्वान पर पीडीए पखवाड़ा के अंतर्गत बुधवार को उझानी में जन पंचायत का आयोजन किया गया। इसमें मुख्य अतिथि के रूप में बिल्सी विधानसभा प्रभारी व पूर्व विधायक प्रेमपाल सिंह यादव सम्मिलित हुए। इससे पहले पूर्व राज्य मंत्री स्व. बनवारी सिंह यादव की जयंती के अवसर पर उनके चित्र पर मालार्पण किया गया। जनपंचायत को संबोधित करते हुए पूर्व विधायक प्रेमपाल सिंह यादव ने कहा कि पीडीए की जन पंचायत के आयोजन से पूरे जनपद में पिछड़े, दलित, अल्पसंख्यक व शोषित लोग बड़ी संख्या में समाजवादी पार्टी के साथ जुड़कर एक मंच पर आ चुके हैं। इसमें जातीय जनगणना कराए जाने पर जोर दिया गया। इस मौके पर अमित मथुरिया, धर्मेन्द्र यादव के निजी सचिव बिपिन यादव, किशोरीलाल शाक्य, सुनील यादव, पान सिंह यादव, प्रदीप गुप्ता, देवेंद्र गौतम, रतिराम पाल, संजय कश्यप, बी पी यादव, हरिराम प्रधान सहित आदि रहे।

# कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने धरना प्रदर्शन कर भाजपा को घेरा

कार्यालय संवाददाता, बदायूं


सिटी मजिस्ट्रेट को ज्ञापन देने जाते कांग्रेस जिलाध्यक्ष ओमकार सिंह व अन्य।

**चंडीगढ़ में मेयर के चुनाव में भाजपा ने की धांधली, देशद्रोह का मुकदमा दर्ज करने की मांग**

**अमृत विचार :** चंडीगढ़ में मेयर के चुनाव में हुई धांधली के विरोध में कांग्रेस ने धरना प्रदर्शन किया और राष्ट्रपति के नाम एक ज्ञापन सिटी मजिस्ट्रेट को सौंपा। ज्ञापन में भाजपा को घेरा। प्रोजाइडिंग आफिसर के खिलाफ देशद्रोह का मुकदमा दर्ज करने की मांग की।

युवा कांग्रेस राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीनिवास बीवी के निर्देश एवं पश्चिमी युवा कांग्रेस अध्यक्ष पारस शुक्ला के आह्वान पर चंडीगढ़ में हुए मेयर के चुनाव में भाजपा द्वारा लोकतंत्र की हत्या किए जाने के विरोध में जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष जिला अध्यक्ष ओंकार सिंह एवं विशिष्ट अतिथि प्रदेश कांग्रेस सचिव जितेंद्र कश्यप के नेतृत्व में धरना प्रदर्शन किया गया। मुख्यातिथि जिलाध्यक्ष ओंकार सिंह ने कहा कि चंडीगढ़ में हुए मेयर के चुनाव में भाजपा ने खुली धांधली की है। इस चुनाव में लोकतंत्र का गला घोटा गया है। विशिष्ट अतिथि प्रदेश कांग्रेस सचिव जितेंद्र कश्यप, युवा कांग्रेस कोऑर्डिनेटर शफी अहमद ने ऐसी धांधली करने वाले के खिलाफ देशद्रोह का मुकदमा दर्ज करने की मांग की है। जिलाध्यक्ष युवा कांग्रेस राजवीर यादव ने भी संबोधित किया। जिला उपाध्यक्ष गौरव सिंह ने कार्यक्रम का संचालन किया। इस अवसर पर मुख्य रूप से बिसौली युवा कांग्रेस विधानसभा अध्यक्ष पूजा दिवाकर आदि रहे।

# गांव में विकास कार्य के लिए दिया मांग पत्र


उपजिलाधिकारी को मांगपत्र देने जाते सचिन सूर्यवंशी व ग्रामीण। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** ब्लॉक सलारपुर के ग्राम पंचायत रफियाबाद के मजरा बगुली में पक्की सड़क और नालियों का निर्माण कराने की मांग को लेकर भारतीय एकता परिषद ने उपजिलाधिकारी को मांग पत्र सौंपा। उनसे गांव में विकास कार्य कराने की मांग की है।

बुधवार को भारतीय एकता परिवार के मुख्यालय पर ग्राम पंचायत रफियाबाद के मजरा बगुली निवासियों ने संस्था के संयोजक सचिन सूर्यवंशी को अपने गांव की समस्याओं से अवगत कराया। जिसके बाद संस्था के युवा जिलाध्यक्ष निष्कर्ष प्रताप सिंह के नेतृत्व में उपरोक्त ग्रामवासियों ने जिलाधिकारी कार्यालय पहुंच कर उप जिलाधिकारी को अपने ग्राम की समस्याओं के समाधान के लिए एक मांग पत्र सौंपा। ग्राम वासियों ने बताया कि उनके ग्राम में पक्की सड़क व नालियों के अभाव में जलभराव की समस्या निरंतर रहती है। बीस वर्ष पूर्व जो ईंटों का खड़ंजा बना था वह भी अब पूर्णतयाः टूट चुका है तथा पथ प्रकाश की व्यवस्था भी सुचारू नहीं है। ग्रामवासियों ने बताया कि वे तहसील दिवस में भी कई बार प्रार्थना पत्र दे चुके हैं लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई। ग्रामीणों का आरोप है कि प्रधान अपने गांव रफियाबाद में तो विकास व निर्माण कार्य कराते हैं मगर मजरा बगुली के साथ सौतेला व्यवहार किया जा रहा है।मांग पत्र सौंपने वालों में मुकेश पाल, पप्पू पाल, राकेश पाल, कुंवर पाल, रामवीर, चितान, रामप्रकाश, श्याम लाल, रामचंद्र पाल, मुकेश पाल, विजेंद्र पाल, नेकसू आदि रहे।

MEDICAL Lifelines OF BAREILLY
अमृत विचार
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें :- 7464943582


डॉ. रजनीकांत साहू
MBBS, MS, MCh. (SGPGI, Lucknow)
Ex-Consultant-MAX Hospital, Delhi
वरिष्ठ न्यूरो सर्जन
मो. 7417389433
बरेली न्यूरो एण्ड स्पाईन सेन्टर
पता:- सी 427 डिवाइन हॉस्पिटल के सामने, के.के. हॉस्पिटल रोड, राजेन्द्रनगर, बरेली
मिलने का समय प्रातः 10 से 12, सायं 6 से 8
7017678157
सुविधायें:- सिर की चोट का इलाज व ऑपरेशन, ब्रेन ट्यूमर, दिमागी गांठ तथा ब्रेन हैमरेज का ऑपरेशन, गर्दन व पीठ का दर्द, सियाटिका, स्लिप डिस्क, स्पाइनल ट्यूमर का इलाज व ऑपरेशन, सिर दर्द व मिर्गी के दौरे का इलाज।


डा. सतेन्द्र शर्मा
M.D. (Ayu.)
बवासीर, भगन्दर रोग विशेषज्ञ
क्या आपकी हर सुबह परेशानी लेकर आती है
जैसे : शौच के समय जलन, दर्द एवं खून, मल द्वार के पास से मवाद व कपड़े खराब होते रहना।
क्षार सूत्र विधि द्वारा इन सभी बीमारियों से सम्पूर्ण निदान पायें।
श्रद्धा केयर अस्पताल
मिनी बाईपास, प्रेम नर्सरी के सामने, कर्मचारी नगर, नैनीताल रोड
बरेली सम्पर्क सूत्र : 9758284825, 8077550393

# पन्नी डालकर गोवंशों को दी राहत

कार्यालय संवाददाता, बदायूं


फरीदपुर चकोलर की गोशाला के चारों ओर लगाई गई पन्नी।

**हैलोजन लाइट से दी जा रही गर्मी, ठंड से बचाव को उठाए गए ठोस कदम**

**अमृत विचार :** ठंड से गोवंश को बचाने के लिए गोशालाओं में पन्नी लगा कर हवा रोकने का प्रयास किया गया है। कई गोशालाओं में अलाव जलाए गए हैं। गोवंश को सर्दी से बचाने को हैलोजन लाइट भी लगाई गई हैं। जबकि ग्रामीणों का कहना है कि गोवंश की मौत और बीमारी से मौतें भी हो रहीं हैं।

ब्लॉक सलारपुर क्षेत्र में एक दर्जन गोशालाएं हैं। प्रत्येक गोशाला में 15 से 25 गोवंश होने की बात कही जा रही है। ब्योर गांव की गोशाला में अलाव जलाया जा रहा है। गोवंश को ठंड से राहत दिलाने के लिए यहां चारो ओर से पन्नी लगा कर बंद किया गया है। इसी तरह फरीदपुर चकोलर की गोशाला में पन्नी लगाई गई है। गोवंश की देखरेख के लिए केयर टेकर रखा गया है। इस गोशाला में एक दर्जन से अधिक गोवंश हैं। गोशालाओं में गोवंश को रखा जा रहा है। किसानों के सहयोग से गोवंश को गोशालाओं में पहुंचाया जा रहा है।

पशुपालन अधिकारी डा. संजीव कुमार ने बताया कि उनके क्षेत्र की सभी गोशालाओं में ठंड में गोवंश को राहत पहुंचाने के लिए पन्नी लगा कर बंद किया गया है। पन्नी लगने से हवा नहीं पहुंच पाती है। गोवंश को अंदर किसी तरह की परेशानी नहीं होती है।

### गोशालाओं पर अब भी अव्यवस्था

ग्रामीणों का कहना है कि बीमार गोवंश का उपचार नहीं किया जा रहा है। गोवंश को चारा नहीं मिल पा रहा है जिससे गोवंश भूख से तड़प रहे हैं। बीमार गोवंश का उपचार न होने से एक गोवंश की दो दिन पहले मौत हो गयी जिसका शव दो दिन तक शव पड़ा रहा। ग्रामीणों ने बताया कि संबंधित विभाग को इस मामले की सूचना भी दी गयी फिर भी मृत गोवंश को नहीं उठाया गया। ग्रामीणों का आरोप है कि सड़कों पर सैकड़ों गोवंश घूम रहे हैं, जो रात को किसानों की फसलों को नष्ट कर देते हैं। गोवंश से फसलों को बचाने के लिए किसान रात भर जाग कर पहरेदारी कर रहे हैं।

## यूसुफ नगर में गायों की हो रही दुर्दशा

**कुंवरगांव, अमृत विचार:** सालारपुर ब्लॉक क्षेत्र की ग्राम पंचायत यूसुफ नगर में अस्थाई गोशाला केवल नाममात्र को संचालित है। दर्जनों की संख्या में गोवंश गांव के किसानों की फसलों को बर्बाद कर रही हैं। वहीं, गोशाला से लेकर गांव में गायों की इलाज के अभाव में मौतें हो रही हैं। कड़कड़ाती ठंड में गायों के लिए कोई इंतजाम नहीं किए जा रहे हैं। बावजूद विभाग के अधिकारियों की बेपरवाही जारी है।

गांव में एक बीमार गाय ठंड में कई दिनों से घूम रही थी। उसके इलाज के लिए किसी ने कोई इंतजाम नहीं किए। मंगलवार सुबह ठंड के कारण गाय की मौत हो गई। ग्रामीणों की शिकायत के बाद शाम को गाय को दफनाया गया। सचिव आदिल रशीद का कहना कि गाय की मृत्यु की जानकारी नहीं है। अगर गोशाला में अव्यवस्थाएं हावी हैं तो उन्हें ठीक कराया जाएगा।

# गोवंश को खुला छोड़ने वालों पर होगी एफआईआर

संवाददाता, नूरपुर

**फसल नष्ट करने पर सीडीओ से किसानों ने की थी शिकायत**

**पशु चिकित्सक ने मामले में लिया संज्ञान, दी चेतावनी**

**अमृत विचार:** कादरचौक क्षेत्र के गांव नूरपुर के निवासियों ने सीडीओ को शिकायती पत्र सौंपा था। इसमें उन्होंने दूध निकालने के बाद पशुओं को छोड़ने की बात कही थी। कहा कि छोड़े जाने वाले पशु उनकी फसल को नष्ट कर रहे हैं। शिकायत के बाद सीडीओ के आदेश पर गांव पहुंचे पशु चिकित्सक ने पशुओं को छोड़ने वालों को चेतावनी दी कि अगर उनके द्वारा पशुओं को छोड़ा गया तो उनके खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करा दी जाएगी। साथ ही छोड़ी गई पशुओं को उनके मालिक से वापस लाने को भी कहा है।

ब्लॉक कादरचौक क्षेत्र के गांव नूरपुर में छुट्टा गोवंश से किसान परेशान हैं। किसान दिन- रात फसल की रखवाली करते हैं फिर भी कड़ाके की सर्दी में छुट्टा गोवंश खेतों में खड़ी फसल को नष्ट कर रहे हैं। ग्रामीणों ने गोवंश से निजात दिलाने की गुहार जिला प्रशासन से लगाई थी।

जिस पर सीवीओ और सीडीओ ने जल्द समस्या का समाधान निकालने का आश्वासन दिया था। बुधवार को डॉक्टर नेमपाल गंगवार गांव पहुंचे। वहां उन्होंने ग्रामीणों को एकत्रित कर कहा कि जो ग्रामीण गाय को पाल रहे हैं। वह उसे घर पर चारा आदि खिलाएं। क्षेत्र में घूम रहीं गायों को पकड़कर ले आएं। अगर उनके द्वारा ऐसा नहीं किया गया तो उनके खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई जाएगी।

खबरें पेज सात पर भी...

## शहर में आज

- जिले में समाजवादी पार्टी का पीडीए पखवाड़े के तहत गांव गांव जन पंचायत कार्यक्रम सुबह 10 बजे से।
- ऑपरेशन जागृति के तहत विभिन्न थाना क्षेत्रों में जागरूकता कार्यक्रम सुबह 10 बजे से।
- ब्राह्मण कल्याण सभा द्वारा तीर्थ नगरी सोरों में श्रीवराह परिक्रमा हरि की पौड़ी से शाम सात बजे से।
- आजाद समाज पार्टी की बैठक अमांपुर के गांव बीनपुर में दोपहर एक बजे से।

## एक नजर

### लोक अदालत में बिजली संबंधी 40 वाद निस्तारित

**कासगंज।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में जिला न्यायालय में 29 से 31 जनवरी तक तीन दिवसीय लोक अदालत का आयोजन हुआ। अपर जिला जज एवं सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अभय प्रताप सिंह ने बताया कि लोक अदालत में विद्युत अधिनियम से संबंधित 44 वादों का निस्तारण अपर जिला जज एकता कुशवाह द्वारा किया गया।

### सट्टे की खाईबाड़ी करते एक गिरफ्तार

**कासगंज।** कोतवाली गंजडुंडवारा के उपनिरीक्षक श्री निवास सिंह ने सूचना के आधार पर सट्टा खाईबाड़ी के यहां छापा मारकर एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। जिसके पास से 620 रूपये की नगदी व सट्टे की पर्चियां बरामद हुई है। इंस्पेक्टर विनोद कुमार ने बताया कि आरोपी प्रदीप कुमार निवासी मोहल्ला भीकम थाना गंजडुंडवारा निवासी है, जिसे पूछताछ के बाद न्यायालय में पेश किया है। पुलिस उसके नेटवर्क से जुड़े लोगों को तलाश रही है।

### अवैध शराब सहित एक गिरफ्तार

**कासगंज।** पटियाली कोतवाली के उपनिरीक्षक कल्याण सिंह ने मिली सूचना के आधार पर एक व्यक्ति को अवैध शराब के साथ गिरफ्तार किया है। इंस्पेक्टर गोविंद बल्लभ शर्मा ने बताया कि आरोपी हेम सिंह निवासी लालबादरा थाना पटियाली के पास से 26 पव्वा अवैध देसी शराब के बरामद हुए हैं। उन्होंने बताया कि आरोपी के विरुद्ध आबकारी अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज करते हुए अग्रिक कार्यवाही की गई है। आरोपी को न्यायालय में पेश किया गया है।

### आखिरी बजट को लेकर शिक्षाविद और होनहार विद्यार्थी लगाए बैठे हैं कई उम्मीदें, जिले में तकनीकी शिक्षा का है नितांत अभाव

# कासगंज में इंजीनियरिंग कॉलेज की मांग जोर शोर से उठी

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

**अमृत विचार:** मोदी टू सरकारका आखिरी बजट गुरुवार को पेश किया जाएगा। इस बजट में जिले के लोगों को शिक्षा के क्षेत्र में बेहतर सौगात मिलने की उम्मीद है। क्योंकि जिले में तकनीकी, उच्च शिक्षा का अभाव हैं। ऐसे में विद्यार्थियों को बेहतर शिक्षा के लिए दूसरे शहरों एवं राज्यों में जाना पड़ता है। लोगों की मांग है कि जिले में इंजीनियरिंग कॉलेज एवं अन्य तकनीकी संस्थानों की सौगात बजट में मिले।

इंटरमीडिएट की शिक्षा के बाद विद्यार्थी तकनीकी और उच्च शिक्षा के लिए राजस्थान, दिल्ली के अलावा यूपी के अन्य बड़े महानगरों को जाते हैं। क्योंकि जिले में मात्र एक पॉलीटेक्निक एवं आइटीआई कॉलेज है। इनमें भी कोई महत्वपूर्ण ट्रेड नहीं है। सरकार के इस बजट में लोगों की उम्मीदें सबसे अधिक तकनीकी शिक्षा, उच्च शिक्षा और चिकित्सा शिक्षा को लेकर हैं।

### क्या कहते है विशेषज्ञ



जिला चिकित्सा और तकनीकी शिक्षा के क्षेत्र में काफी पिछड़ा है। बजट में चिकित्सा और तकनीकी शिक्षा की सौगात मिलनी चाहिए। उच्च शिक्षा के भी और संस्थान मिलें।
**-डॉ. राधाकृष्ण दीक्षित**, शिक्षाविद



शहर से लेकर गांव तक तमाम प्रतिभाएं छिपी हैं, लेकिन उन्हें अपने मुकाम तक पहुंचने के लिए शहर से बाहर जाना पड़ता है। यदि जिले में ही उन्हें बेहतर शिक्षा मिले तो और निखार आएगा।
**-दीपक मिश्रा, शिक्षक**



तकनीकी, चिकित्सा और उच्च शिक्षा के लिए शहर से बाहर जाना पड़ता है तो अतिरिक्त खर्चा वहन करना होता है। विद्यार्थी घर से दूर रहते हैं। अभिभावकों को भी परेशान होना पड़ता है।
**- अमित तिवारी, इंजीनियर**



कई बार देखने में आया है कि आर्थिक समस्या के कारण विद्यार्थी शहर से बाहर शिक्षा के लिए नहीं जा पाते है। ऐसे में उनका उद्देश्य भी पूरा नहीं हो पाता है। बजट में शिक्षा के क्षेत्र में बेहतर प्रावधान हों।
**-मुनेश राजपूत, शिक्षक**

### आंकड़ों पर एक नजर

**02** जिले में राजकीय महाविद्यालय

**02** जिले में राजकीय माध्यमिक विद्यालय

**1433** जिले में सरकारी बेसिक विद्यालय

## चुनावी होगा बजट, टैक्स स्लैब में मिल सकती है राहत

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

**अमृत विचार :** वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण गुरुवार को आखिरी बजट पेश करेंगी। इस बजट सभी वर्गों की निगाहें टिकी हैं। चूंकि यह बजट चुनाव से पहले पेश होगा, जिससे लोगों को काफी उम्मीदें हैं। खास कर करदाता इस बजट से उम्मीद लगाए बैठे हैं। वहीं, आम उपभोक्ता को सरकार के अंतरिम बजट से बहुत सारी आशाएं हैं। समाज का प्रत्येक वर्ग सरकार के बजट को लेकर अपनी उम्मीदें लगाए बैठा है। शहर के टैक्स अधिवक्ताओं एवं सीए का मानना है कि लोकसभा चुनाव नजदीक होने से यह बजट व्यापारियों व आम जनता के लिए ज्यादा लाभकारी होगा।

**▸▸ करदाताओं को मिल सकती है राहत, चुनाव से पहले पेश होने वाले बजट से हैं खासी उम्मीदें**



करदाताओं को बुनियादी छूट की सीमा दोगुनी होने की उम्मीद है। आयकर में छूट की सीमा में भी इजाफा किया जा सकता है। इस बात की प्रबल संभावना है कि सरकार कर दाताओं को अपने इस अंतरिम बजट में राहत देगी। बचत खाते पर ब्याज की कटौती बढ़ाकर 25000 किया जाए।
**-प्रदीप अग्रवाल, सीए**



धारा 43बी जो भुगतान समय सीमा अधिकतम 45 दिन निर्धारित की गई है उसे जीएसटी एक्ट के आईटीसी रिवर्सल नियम के अनुसार कम से कम 180 दिन कर देना चाहिए। जीएसटी में 12 फीसदी व 18 फीसदी वाला स्लैब मिलाकर एक कर देना चाहिए। करदाताओं को राहत मिले।
**-नवीन अग्रवाल, एडवोकेट**



वेतनभोगी व्यक्ति के लिए मानक कटौती को बढ़ाकर 10,0000 किया जाना चाहिए। घर खरीदने वालों के लिए ब्याज कटौती की सीमा बढ़ाकर तीन लाख की जाए। 80 सी की कटौती आखिरी बार 2014 में बढ़ाकर 150000 रुपये की गई थी। अब इसे बढ़ाकर 250000 कर देना चाहिए।
**-संजीव अग्रवाल, सीए**



चुनाव से पहले यह केंद्र सरकार का अंतरिम बजट है। आम जनमानस को इस बजट से काफी उम्मीदें हैं कि सरकार आयकरदाता को कर दर में कमी करके टैक्स में राहत देगी। बजट बहुयामी होना चाहिए। नए आयकर स्लैब में 800000 तक कोई कर नहीं होना चाहिए।
**-साकेत बिंदल, एडवोकेट**

## दहेज हत्या के आरोप में चार लोग गिरफ्तार

**कासगंज, अमृत विचार :** गांव गजौरा निवासी रंजना की हत्या के आरोप में उसके पति सहित चार लोगों के विरुद्ध दहेज हत्या की रिपोर्ट दर्ज कराई है। इसके बाद पुलिस ने चारों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। जिन्हें पूछताछ के बाद न्यायालय में समक्ष पेश किया गया है। जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया।

बदायूं जिले के थाना हजरतपुर के गांव गढ़िया सहायपुर निवासी भूप सिंह ने अपनी पुत्री रंजना का विवाह थाना सुन्नगढ़ी के गांव गजौरा निवासी हरीश चंद्र के साथ किया था।

सोमवार रात रंजना की मौत हो गई थी। इस मामले में पिता भूप सिंह ने रंजना के ससुराल वालों पर दहेज हत्या का आरोप लगाते हुए उसके पति हरीश चंद्र, मनोज, अखिलेश, राजेश के विरुद्ध दहेज हत्या की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। थाना पुलिस को घटना के कुछ घंटों बाद ही आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। थानाध्यक्ष शांति देवी ने बताया कि दहेज हत्या के नामजद आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।

# बदमाशों ने सरेआम किसान से 2.10 लाख रुपये लूट लिये

### किसान को पहले पीटा, फिर हाथ-पैर बांधकर खेत में फेंक गए

संवाददाता, एटा

**अमृत विचार :** बाइक सवार पांच बदमाशों ने कासगंज के किसान को सरेआम रोक लिया और हाथ-पैर बांधकर जमकर पीटा। उसके पास से 2.10 लाख रुपये लूटने के बाद बदमाश मौके से फरार हो गए। उधर से गुजर रहे राहगीरों की सूचना पर पुलिस ने किसान को मेडिकल कॉलेज के जाकर भर्ती कराया। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।

कासगंज के गांव मुनीम नगर निवासी कालीचरन (50) की एटा में रहने वाली भांजी ने जमीन का सौदा किया था, जिसका बुधवार को बैनामा कराया जाना था। कालीचरन के मुताबिक उन्हें 2.10 लाख रुपये भांजी को देने थे। बुधवार सुबह करीब 6 बजे बाइक पर घर से एटा जाने के लिए निकले। वह एटा की देहात



मेडिकल कॉलेज में भर्ती पीड़ित।

**▸▸ जमीन का बैनामा कराने के लिए भांजी को रकम देने जा रहे थे कालीचरन**

कोतवाली क्षेत्र में नहर के पास पहुंचे होंगे। तभी पीछे से दो बाइकों पर आए पांच युवकों ने ओवरटेक करने के बाद कालीचरन को रोक लिया और पकड़कर नीचे खेत में ले गए। जहां पांचों ने उनकी पिटाई की और रस्सी से हाथ-पैर बांधकर फेंक दिया।

उनके थैले में रखे 2.10 लाख रुपये लूटने के बाद बदमाश फरार हो गए। बदमाशों के भागने पर कालीचरन ने शोर मचाया तो उधर से गुजर रहे राहगीरों ने

> कालीचरन ने लूट की घटना बताई है, जो संदिग्ध लगती है। मारपीट में मामला दर्ज कर लिया गया है। दो दिन पहले कासगंज कोर्ट में कालीचरण व उसके परिवार के लोगों के बीच विवाद हुआ था। उसी विवाद का बदला लेने के लिए उसने इस तरह की घटना होना बताई। दबाव बनाने के लिए किया कहानी गढ़ी गई है। पूरे घटना क्रम की जांच करने पर मारपीट का मामला दर्ज कर लिया है।
> **-नित्यानंद** पांडे, देहात कोतवाली प्रभारी

मौके पर जाकर देखा और उनके हाथ-पैर खोले। राहगीरों ने इसकी सूचना एटा देहात कोतवाली पुलिस को दी। सुबह-सुबह लूट की घटना होने की सूचना मिलने पर पुलिस में खलबली मच गई। कुछ ही देर में पुलिस मौके पर जा पहुंची और घायल हालत में कालीचरन को मेडिकल कॉलेज ले जाकर भर्ती करा दिया। पुलिस लूट की इस घटना को संदिग्ध मान रही है।

## अमांपुर में संविदा सफाई कर्मचारी की मौत

**अमांपुर, अमृत विचार :** कस्बा में गलनभरी सर्दी के कारण संविदा सफाई कर्मी की हार्ट अटैक से मंगलवार की रात मौत हो गई। इससे परिजनों में कोहराम मच गया। कर्मी की अचानक मौत की खबर मिलने से नगर पंचायत के सफाई कर्मचारियों में शोक की लहर दौड़ पड़ी। कस्बा के राजेन्द्र नगर निवासी ब्रजपाल पुत्र निवासी लाल उम्र 45 वर्ष अमांपुर नगर पंचायत में संविदा पर सफाई कर्मी के पद पर कार्यरत था। मंगलवार को वह रोज की तरह काम पर आया था। ड्यूटी से आने के बाद रात को खाना खाकर सोने के लिए चले गए। परिजनों को इसकी जानकारी तब हुई जब उन्होंने ड्यूटी पर जाने के लिए उठाया। कई बार उठाने पर भी जब वह नहीं उठा। तो उसको डाक्टर को दिखाया। जहां डाक्टर ने परीक्षण किया। इसके बाद उनको मृत घोषित कर दिया। डाक्टर ने परिजनों को बताया कि सर्दी के कारण हार्ट अटैक पड़ने से ब्रजपाल की मौत हो गई।

# एसपी को निरीक्षण के दौरान मिलीं खामियां, सुधार की चेतावनी दी

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

**अमृत विचार :** एसपी ने बुधवार को थाना ढोलना का औचक निरीक्षण किया। खामियों पर कड़ी नाराजगी जताई। थाना प्रभारी को समय रहते खामियां दूर करने के निर्देश दिए। पुलिस कर्मियों को थाने में आने वाले फरियादियों के साथ मानवीय व्यवहार करने को कहा।

एसपी अपर्णा रजत कौशिक बुधवार को दोपहर अचानक थाना ढोलना जा पहुंची। जहां उन्होंने सबसे पहले सफाई व्यवस्था देखी। थाने में अभिलेखों का रख-रखाव व्यवस्थित न मिलने पर कड़ी नाराजगी जताई। इंस्पेक्टर और मुंशी को खामियां दूर करने के



ढोलना थाने में अभिलेखों का निरीक्षण करतीं एसपी अपर्णा रजत कौशिक।

निर्देश दिए। एसपी ने महिला डेस्क पर तैनात पुलिस कर्मी को निर्देशित किया कि आगंतुक

**▸▸ थाने पर आने वाले फरियादियों के साथ करें मानवीय व्यवहार**

**▸▸ एसपी ने थाना ढोलना का किया औचक निरीक्षण**

रजिस्टर में आने वाले व्यक्ति का पूर्ण ब्योरा होना चाहिए। मोबाइल नंबर भी अंकित करें।

एसपी ने मैस, हवालात, थाने लगे सीसीटीवी कैमरों का भी निरीक्षण किया। पुलिस कर्मियों के लिए बनाए जा रहे खाने की गुणवत्ता भी देखी। निरीक्षण के बाद एसपी ने उपनिरीक्षकों एवं बीट सिपाहियों के साथ बैठक कर लंबित विवेचनाओं के निस्तारणक के लिए निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि विवेचनाओं में विलंब पीड़ित को समय रहते न्याय नहीं मिलता।

### अवैध शराब सहित दो पकड़े गए

**कासगंज।** थाना गंजडुंडवारा के उपनिरीक्षक आशीष कुमार ने एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। जिसके कब्जे से 18 पव्वा अवैध देसी शराब के बरामद हुए हैं। इंस्पेक्टर विनोद कुमार ने बताया कि पुलिस द्वारा राजवीर निवासी गांव बनैल थाना गंजडुंडवारा को गिरफ्तार किया है। इसी क्रम में सदर कोतवाली के उपनिरीक्षक रामप्रकाश ने 21 पव्वा अवैध देसी शराब के साथ विजय निवासी नगला भूड़ कोतवाली कासगंज को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों को पूछताछ के बाद न्यायालय में पेश किया है। जहां से अग्रिम कार्यवाही हुई है।




# बीएसजी ज्ञान प्रतियोगिता आयोजित

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

**अमृत विचार :** जिले में बुधवार को भारत स्काउट-गाइड की जिला स्तरीय बीएसजी ज्ञान प्रतियोगिता कराई गई। इसके प्रथम तीन विजेताओं को राज्यस्तरीय प्रतियोगिता में सहभागिता का मौका मिलेगा।

स्काउट-गाइड के स्काउटिंग संबंधित ज्ञान और जांच को परखने के लिए जिला स्काउट-गाइड की ओर से शहर के श्रीगणेश इंटर कॉलेज में बीएसजी ज्ञान प्रतियोगिता हुई। हिंदी माध्यम से हुई इस ज्ञान परीक्षा में जिले भर के स्काउट-गाइड ने सहभागिता की। स्काउट गाइड के जिला संगठन कमिश्नर मुनेश राजपूत ने बताया कि प्रतियोगिता सकुशल संपन्न हुई है। उत्तर पुस्तिकाओं के मूल्यांकन



शहर के श्रीगणेश इंटर कॉलेज में बीएसजी ज्ञान प्रतियोगिता में शामिल स्काउट-गाइड।

**▸▸ प्रथम तीन विजेताओं को राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेने का मिलेगा मौका**

के बाद जिले में प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों के नाम प्रदेश स्तर पर भेजे जाएंगे। यह प्रतियोगी प्रदेश स्तर पर होने वाली बीएसजी ज्ञान प्रतियोगिता में भाग लेंगे। जिला सचिव श्रीपाल सिंह शाक्य, ललितेश कुलश्रेष्ठ, जिला प्रशिक्षण कमिश्नर गाइड मंजू मिश्रा, सहायक आईटी कोऑर्डिनेटर ललित मोहन कुलश्रेष्ठ, गाइडर मीना भारती, स्काउटर केपी सिंह, संजीव वार्ष्णेय, सुरभि मौजूद रहे।

## लापता किशोरी का सुराग नहीं, एसपी से मिले परिजन

**कासगंज, अमृत विचार :** करीब दो माह पहले अमांपुर क्षेत्र से लापता हुई किशोरी का अभी तक कोई सुराग नहीं लगा। बुधवार को किशोरी के पिता ने एसपी से मिलकर थाना पुलिस पर मिलीभगत का आरोप लगाया। उनका कहना है कि 25 को वह पत्नी समेत एक वैवाहिक कार्यक्रम में बाहर गए थे। घर में उनकी नाबालिग पुत्री व दो अन्य बच्चे थे। उसी दौरान गांव नगला गढ़ी का भोला उसकी पुत्री को बहला फुसलाकर ले गया। इस मामले में 26 नवंबर को थाना अमांपुर में आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई थी। मगर पुलिस ने अभी तक उसकी पुत्री को तलाश नहीं किया। उसका आरोप है कि थाना पुलिस आरोपियों से मिली हुई है। उन्होंने एसपी को आरोपी और पुलिस कर्मियों की कॉल रिकार्डिंग व स्क्रीनशॉट दिया।

### मारपीट का वांछित आरोपी गिरफ्तार

**कासगंज।** थाना सुन्नगढ़ी के गांव फतेहपुर में हुई मारपीट के मामले में वांछित चल रहे आरोपी को थाना पुलिस ने मिली सूचना के आधार पर गिरफ्तार किया है। थानाध्यक्ष शांति देवी ने बताया कि आरोपी अवनीश निवासी गांव फतेहपुर थाना सुन्नगढ़ी के विरुद्ध मारपीट का मुकदमा दर्ज है। जिसे पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया है।

**अच्छी पहल** वन विभाग ने तैयार की कार्ययोजना, शासन को भेजा जा रहा प्रस्ताव

# पर्यटन स्थल के रूप में विकसित होगा गंगा वन

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

**अमृत विचार:** जिले में पर्यावरण संरक्षण के लिए कई वन स्थापित किए गये हैं। अब यह वन क्षेत्र हरे भरे हैं। वन क्षेत्रों के हरे भरे होने के कारण यहां पर्यटकों को लाने के लिए पर्यटन क्षेत्र बनाने की प्रशासन की मंशा है। क्योंकि गंगा वन सबसे पहले लगभग साढ़े चार वर्ष पूर्व जिले में स्थापित किया गया।

यह वन क्षेत्र काफी हरा-भरा होने के साथ यहां पशु-पक्षियों भी रहते हैं। गंगा वन को पर्यटन स्थल बनाने के निर्देश पूर्व में क्षेत्रीय सांसद राजवीर सिंह ने दिए थे। इसपर वन विभाग पर्यटन स्थल के रूप में इसे विकसित करने की दिशा में सक्रिय हुआ।




गंगा वन का हरि उपवन। ● अमृत विचार

सोरोंजी क्षेत्र के गंगा किनारे के गांव चंदनपुर घटियारी में गंगावन स्थापित किया गया। यहां 1.21 लाख पौधे गंगावन में रोपे गए। ये पौधे बढ़कर वृक्ष का आकार ले चुके हैं। इस वन क्षेत्र में अलग-अलग वाटिकाएं बनाई गई हैं, जिसमें विभिन्न प्रजातियों के पौधे लगे हैं। औषधीय पौधों की वाटिका अलग अलग से स्थापित की गई है। सेटेलाइट पर गंगा वन

**▸▸ जगह-जगह विकसित किए जाएंगे पार्क और बढ़ेगा आकर्षण**

> गंगा वन जिले की बढ़ी उपलब्धि है। सांसद ने पर्यटन स्थल बनाने का सुझाव दिया। इस संबंध में अधीनस्थ को निर्देशित किया गया। फिर प्रस्ताव तैयार किया गया है। यहां पर्यटन विकास होगा
> **- दिलीप श्रीवास्तव**, डीएफओ

का ग्रीन कवर नजर आने लगा है। इलाके का भूजल स्तर भी बढ़ने लगा है। सांसद राजवीर सिंह ने गंगा वन को पर्यटन क्षेत्र के रूप में विकसित करने के निर्देश दिए। उनका मानना है कि पर्यावरण प्रेमी जब वन क्षेत्र में भ्रमण को पहुंचेंगे तो चंदनपुर घटियारी इलाके का विकास होगा।

## एक नजर

### एटा महोत्सव में लोकगीत सुनाएंगे लोकगायक राकेश

एटा। राजकीय जिला कृषि एवं औद्योगिक विकास प्रदर्शनी पांडाल में आयोजित एटा महोत्सव में 6 फरवरी की शाम लोकगीत व लोकनृत्य कार्यक्रम आयोजित होगा। इसमें प्रख्यात लोकगायक राकेश शीतल ग्रामीण परिवेश पर आधारित लोकगीत सुनाएंगे। कार्यक्रम संयोजक राकेश कश्यप ने लोगों से अधिक संख्या में पहुंचने की अपील की है।

### संपूर्ण समाधान दिवस तीन फरवरी को

कासगंज। जनता की समस्याओं व शिकायतों के त्वरित एवं गुणवत्तापरक निस्तारण करने के उद्देश्य से तीन फरवरी को जिलाधिकारी सुधा वर्मा की अध्यक्षता में तहसील सहावर में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया जाएगा। जिसमें सभी जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहेंगे। तहसील कासगंज एवं पटियाली में आयोजित होने वाले सम्पूर्ण समाधान दिवस में समस्त क्षेत्रीय अधिकारी मौजूद रह कर जनता की समस्याओं व शिकायतों के निस्तारण में सहयोग करेंगे।

### पत्नी की हत्या में आजीवन कारावास

शाहजहांपुर। सीओ सदर अमित चौरसिया ने बताया कि रोजा क्षेत्र के मोहल्ला मठिया कालोनी निवासी गजराज के खिलाफ वर्ष 2018 में हत्या का मुकदमा दर्ज किया गया था। अभियुक्त ने शराब पीने के लिए पैसे न देने पर पत्नी की कुल्हाड़ी से प्रहार करके हत्या कर दी थी। विवेचना अधिकारी ने कोर्ट में साक्ष्य प्रस्तुत किए। अपर जिला एवं सत्र न्यायालय कक्ष संख्या प्रथम से अभियुक्त गजराज को आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई एवं पांच हजार रुपये के अर्थदण्ड से दंडित किया गया।

### युवक को किया घायल

शाहजहांपुर। सदर बाजार के मोहल्ला ककरा कला निवासी नसीम खां ने बताया कि उसका एक मकान मोहल्ले में पुत्तन के मकान के पास है। उसके मकान के पड़ोस में अन्ने तथा उसका दामाद हफीज रहते है। नसीम ने गली में लोहे का दरवाजा लगवाया था। अन्ने व उसके दामाद हफीज ने दरवाजा लगने पर एतराज किया। मंगलवार की सुबह आरोपी पक्ष के लोगों ने मारपीट कर उसे घायल कर दिया।

# कलश विसर्जन के दौरान युवक की गंगा नदी में डूबने से मौत

## गोताखोरों ने कड़ी मशक्कत के बाद शव तलाशकर बाहर निकाला

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

**अमृत विचार:** सहावर थाना क्षेत्र के शाहबाजपुर घाट पर कलश विसर्जन के लिए गया युवक गंगा में डूब गया। गोताखोरों ने कड़ी के बाद शव तलाशने के बाद बाहर निकाला।



मृतक रिंकू।

सहावर क्षेत्र के गांव नगला अंधा निवासी रिंकू (24) पुत्र खेतपाल मंगलवार दोपहर लगभग 12 बजे ग्रामीणों के साथ कलश विसर्जन करने शहबाजपुर गंगा घाट गया था। वहां गंगा स्नान करने के दौरान गहराई में चले जाने पर रिंकू अचानक पानी में डूब गया। उसे डूबता देख ग्रामीण बचाने के लिए चिल्लाए। मगर वहां मौजूद लोगों को तैरना नहीं आता था। इसलिए कोई गंगा में नहीं कूदा। इसका पता लगने पर आसपास घाट पर घूम रहे ग्रामीण मौके पर पहुंचे और गंगा कूदकर रिंकू की तलाश शुरू कर दी। काफी देर कड़ी मशक्कत के बाद रिंकू को तलाश कर बाहर निकाला गया। मगर तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। रिंकू का शव देखते ही परिवार में कोहराम मच गया।



पोस्टमार्टम हाउस के बाहर मौजूद मृतक रिंकू के परिजन। ● अमृत विचार

मृतक के चाचा अरविंद कुमार ने बताया कि गांव में भागवत कथा का आयोजन हुआ था। सोमवार को कथा का समापन हुआ। मंगलवार को ग्रामीणों के साथ रिंकू कलश विसर्जन के लिए शहबाजपुर गंगा घाट पर गया था। था।

## उद्योग विभाग की योजनाओं का लाभ उठाएं युवा

**कासगंज, अमृत विचार:** जिला उद्योग प्रोत्साहन एवं उद्यमिता विकास केन्द्र की ओर से वित्तीय वर्ष 2023-24 में जनपद के शिक्षित बेरोजगारों के लिए मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना संचालित है।

इसके अन्तर्गत उद्योग एवं सेवा क्षेत्र में इकाई स्थापना के लिए बैंकों के माध्यम से अनुदानयुक्त ऋण उपलब्ध कराय जा रहा है। योजनान्तर्गत लाभार्थियों को कुल परियोजना का 25 प्रतिशत अनुदान अनुमन्य है। 18 से 40 वर्ष के मध्य आयु एवं शैक्षिक योग्यता हाई स्कूल पास होना अनिवार्य है। आवेदक किसी बैंक एवं वित्तीय संस्था का डिफाल्टर न हो। योजनान्तर्गत लाभ प्राप्त करने हेतु वेबसाइट पर ऑनलाइन कर सकते हैं। अधिक जानकारी के लिए किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय जिला उद्योग प्रोत्साहन एवं उद्यमिता विकास केन्द्र कासगंज से संपर्क किया जा सकता है।

# दिनभर तेंदुआ तलाशते रहे वन विभाग कर्मी, शाम को बैरंग लौटे

संवाददाता, अवागढ़



अवागढ़ इलाके में तेंदुआ को तलाशते वन विभाग कर्मी। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** क्षेत्र में तेंदुआ के आने की खबर ने लोगों की नींद उड़ा दी है। वन विभाग की टीम बुधवार से फिर तेंदुआ को खोजने में जुट गई है।

पिछले एक सप्ताह से अवागढ़ क्षेत्र में तेंदुआ की दस्तक से ग्रामीण दहशत में है। ग्रामीण रात में जागकर अपने पशुओं और परिवार की सुरक्षा कर रहे हैं। यहां हर रोज किसी न किसी गांव में तेंदुआ पहुंचने की सूचना मिल रही है। गांव सेवला से वीडियो वायरल होने के बाद से तेंदुआ लालपुर, खटोटा, मंडनपुर, सरानी, नगला रूपी, सीर, वीरनगर, खुशरई, मंडपुरा, अवागढ़ कस्बा के आसपास देखा गया। दिन-रात ग्रामीण हाथ में लाठी लेकर तेंदुए को खोज रहे हैं। ग्रामीणों की शिकायत पर बुधवार को वन विभाग की टीम तेंदुए को तलाशने पहुंची। मगर

**▸▸ रात भर जागकर अपने-अपने घर की छत पर पहरा दे रहे हैं इलाके के लोग**

**▸▸ पिछले एक सप्ताह से अवागढ़ इलाके में दस्तक दे रहा है तेंदुआ लोगों में दहशत**

तमाम इलाके की खाक छानने के बावजूद कामयाबी नहीं मिली, जिससे टीम को बैरंग लौटना पड़ा। वन विभाग के क्षेत्राधिकारी संजीव कुमार ने बताया कि टीम पूरी मुस्तैदी से तेंदुए को खोजने में लगी हैं। मगर कोई खास सुराग हाथ नहीं लगा है। यदि क्षेत्र में तेंदुआ की दस्तक है तो उसे शीघ्र पकड़ लिया जाएगा। टीम में एसीओ जितेंद्र कुमार, वन दरोगा रामजीलाल और एसएन सिंह, आरक्षी मुन्नालाल, आशुतोष कुमार आदि रहे।

# कंटेनर की टक्कर से बाइक सवार की मौत

संवाददाता, एटा/ सकीट

**▸▸ मंगलवार रात घने कोहरे के दौरान हुआ हादसा**

**अमृत विचार :** मंगलवार शाम को आया कोहरा बुधवार दोपहर तक छाया रहा। कोहरे के दौरान सकीट थाना क्षेत्र में अलग-अलग स्थानों पर दो हादसे हुए। कोहरे की वजह से कंटेनर ने एक बाइक सवार युवक को टक्कर मार दी, जिससे उसकी मौके पर मौत हो गई। वहीं, कोहरे की वजह से ट्रक सड़क से नीचे करीब 10 फीट गहरी खाई में चला गया। गनीमत रही कि इस हादसे में चालक व कंडक्टर सुरक्षित बच गए।

सकीट कस्बे के मोहल्ला उरहना निवासी करन (21) गांव बाबली निवासी जोगेंद्र के साथ बुधवार सुबह मोटरसाइकिल पर मजदूरी के लिए एटा की ओर आ रहा था। सकीट-आसपुर मार्ग पर ग्राम बाबली के पास कोहरे के चलते उसकी बाइक में कैंटर गाड़ी ने टक्कर मार दी। इसमें गंभीर चोटें ओन से करन की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि जोगेंद्र गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे उपचार के लिए मेडिकल कॉलेज भेजा गया।

इससे पहले मंगलवार रात करीब एक बजे कोहरे की वजह से आसपुर की तरफ से आ रहा ट्रक सकीट ब्लॉक कार्यालय के पास सड़क से नीचे उतर गया, जो करीब दस फीट गहरी खाई में जा गिरा। चालक व कंडक्टर ने ट्रक से कूदकर अपनी जान बचाई।

## पेंशनर अपने बचत विनियोग प्रपत्र शीघ्र कोषागार में जमा करें

**कासगंज, अमृत विचार :** वरिष्ठ कोषाधिकारी अनिल कुमार ने कहा है कि जो पेंशनर अपनी पेंशन जिला कोषागार कासगंज से प्राप्त कर रहे हैं और आयकर की परिधि के अन्तर्गत आते हैं, वे अपने बचत विनियोग संबंधी प्रपत्र पेन कार्ड एवं बैंक पासबुक की सत्यापित छायाप्रति कोषागार में शीघ्र उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। जिससे उनके आयकर की गणना कर फरवरी माह की पेंशन का भुगतान समय से किया जा सके। यदि पेंशन द्वारा अपनी बचत विनियोग निर्धारित अवधि तक उपलब्ध नही कराए जाते हैं, तो कोषागार द्वारा अपने स्तर से आयकर की कटौती कर पेंशन का भुगतान कर दिया जाएगा। पेंशन स्टेटमेन्ट के लिए कोषवानी की बेबसाइट पर अपनी पेंशन का स्टेटमेन्ट चैक कर सकते हैं।

# धूप खिली पर शीतलहर से राहत नहीं मिली



मंगलवार रात शहर के नदरई गेट बाजार में छाया कोहरा। ● अमृत विचार



बुधवार दोपहर धूप खिलने पर जिला अस्पताल के पार्क में धूप सेंकते लोग।

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

**▸▸ दोपहर तक छाया रहा कोहरा न्यूनतम तापमान एक डिग्री लुढ़का**

**अमृत विचार:** मौसम का मिजाज बार-बार बदल रहा है। बुधवार को सुबह से धूप निकली, लेकिन लोगों को ठंड से राहत नहीं मिली। धूप खिलने के बावजूद तापमान में एक डिग्री सेल्सियस की गिरावट रही। सुबह को आसमान पर कोहरे की चादर चढ़ी रही।

बीते दिनों से सर्द हवाओं एवं धूप न निकलने से मौसम में गलन भरी ठंड थी। बुधवार को सुबह धूप खिली तो लोग अपने-अपने घरों की छत और पार्कों में बैठे नजर आए। हालांकि हवा चलने की वजह से लोगों को ठंड से कोई खास राहत नहीं मिली। मंगलवार को अधिकतम तापमान 18 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 6 डिग्री सेल्सियस था। वहीं, बुधवार को न्यूनतम 5 डिग्री सेल्सियस पर पहुंचा। धूप निकलने के बावजूद दिनभर गलन भरी ठंड रही। ठंड के कारण किसान भी सुबह देर से खेतों में काम करने के लिए पहुंचे। बाहरी क्षेत्रों में सुबह हल्का कोहरा भी छाया रहा। धूप निकलने से बाजार गुलजार रहे। ग्रामीणों क्षेत्रों से भी लोग खरीदारी के लिए शहर पहुंचे।

> यह मौसम फसलों के लिए वरदान है। कोहरा भी फसलों के लिए फायदेमंद है। किसान सिचाई करें, यूरिया लगाए फसल की ग्रोथ अच्छी होगी। उपज भी बढ़ेगी।
> – **राज कुमार सिंह**, कृषि विशेषज्ञ

# खिलौने बनाते-बनाते मूर्तिकार बन गया मनोज



मिट्टी से बनाई मूर्तियां दिखाता मनोज राजपूत। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

**▸▸ श्रीराम दरबार की मूर्तियां बनाकर गांव के मंदिर में स्थापित कीं**

**अमृत विचार :** अमांपुर के गांव नगला टुंडा का मनोज मिट्टी के खिलौने बनाते-बनाते देवी-देवताओं की मूर्तियां बनाना सीख गया। उसने मिट्टी की मूर्तियां बनाकर गांव के मंदिर में स्थापित की हैं।

अमांपुर क्षेत्र के गांव नगला टुन्डा निवासी 13 साल का मनोज राजपूत आठवीं कक्षा का छात्र है। उसने अपने हाथों से श्रीराम दरबार की प्रतिमाएं बनाकर गांव के माता मंदिर में स्थापित की हैं। मनोज राजपूत ने बताया कि उसे यह कला विरासत में नहीं मिली। 10 वर्ष की उम्र में वह अपने छोटे भाई-बहनों को बहलाने के लिए मिट्टी के खिलौने बनाता था। खिलौने बनाते-बनाते उसने मूर्तियां बनाना सीख लिया। मनोज के पिता कुंवरपाल नलकूप मिस्त्री हैं। उन्होंने बताया कि मनोज के मन में श्रीराम दरबार और मां दुर्गा की प्रतिमा बनाने की इच्छा थी। अब उसने मूर्तियां बनाकर गांव के मंदिर में स्थापित की हैं।

## पात्र दिव्यांगजन सहायक उपकरण प्राप्त करने को आवेदन करें

**कासगंज, अमृत विचार :** दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग द्वारा कृत्रिम अंग/सहायक उपकरण योजना का ऑनलाइन संचालन किया जा रहा है। जिले सभी दिव्यांगजनों कृत्रिम अंग/सहायक उपकरण एवं बनावटी अंग जैसे ट्राईसाइकिल, व्हीलचेयर, वैशाखी, ब्लाइण्ड छड़ी, वॉकिंग स्टीक, श्रवण यन्त्र एवं बनावटी अंग कटे हाथ-पैर जैसे बनावटी हाथ पैर लगवाना, कैलीपर्स, जूता आदि उपकरणों को प्राप्त करना चाहते हैं, तो अपना आवेदन ऑनलाइन कराकर, उसकी हार्डकापी के साथ दिव्यांग प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, आय प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण पत्र, दो रंगीन फोटो लगाकर आवेदन पत्र, विकास भवन के रूम नंबर 13 में संचालित जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी कार्यालय, में जमा कर दें। जिससे दिव्यांगजनों को उपकरण उपलब्ध कराने हेतु कार्यवाही की जा सके।

# सपा नेता बोले- संविधान के साथ खिलवाड़ कर रही भाजपा सरकार

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

**अमृत विचार :** समाजवादी पार्टी के पीडीए पखवाड़े के तहत सपा नेताओं व कार्यकर्ताओं ने तीर्थ नगरी सोरों में केंद्र और प्रदेश सरकार की विफलताओं को गिनाया। लोगों से संपर्क कर उन्हें समाजवादी पार्टी की नीतियां बताईं। आगामी लोकसभा चुनाव में प्रदेश और देश के विकास के लिए सपा को मजबूत करने का आह्वान किया।

जनसंपर्क के दौरान जिलाध्यक्ष विक्रम यादव ने कहा कि किसी भी देश का संविधान उसकी आत्मा होती है। मगर भारतीय जनता पार्टी केंद्र व राज्य सरकार संविधान के साथ खिलवाड़ कर रही है। इससे आम जनता के मौलिक अधिकारों का हनन किया जा रहा है। विकास का वायदा करके सत्ता में आई भाजपा विनाश करने पर आमादा है। जिला



जनसंपर्क के दौरान तीर्थ नगरी में सपा की नीतियों का पत्रक दिखाते सपाई।

**▸▸ पीडीए पखवाड़े के तहत सपाइयों ने गिनाई सरकार की विफलताएं**

**▸▸ सपा की नीतियों को बताकर गांव-गांव लगाई जन पंचायत**

प्रवक्ता ओम शिव मिश्रा ने कहा कि समाजवादी पार्टी ने सत्ता में रहकर सभी वर्गों का समान रूप से विकास किया। भाजपा वर्गवाद और जातिवाद की राजनीति कर रही है।

उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव में देश और प्रदेश के विकास के लिए सपा एवं इंडिया गठबंधन को मजबूत बनाएं। कार्यकर्ताओं ने पत्रक बांटकर सपा सरकार में किए गए विकास कार्यों को गिनाया।

इस दौरान मनोज यादव, प्रियांसु जौहरी, अनुराग बरवारिया, पुष्कर राज मिश्रा, राजा फारूकी, इरशाद खान, सकील राइन, मोनू, गणेश चौधरी, कृष्णा मिश्रा, प्रभात मिश्रा, जुगनू दीक्षित, अभय राज मिश्रा आदि मौजूद रहे।

## मंदिर में एकादश रुद्र अवतार मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा की गई

संवाददाता, सोरोंजी

**अमृत विचार :** तीर्थ नगरी के हरि की पौड़ी स्थित मंदिर में बुधवार को एकादश रुद्र अवतार मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा कराई गई। इस दौरान श्रद्धालुओं ने हवन कुंड में आहुतियां देकर विश्व कल्याण के लिए कामना की। प्राण प्रतिष्ठा के बाद प्रसाद वितरित किया गया।

हरि की पौड़ी स्थित मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा को लेकरकई दिनों से तैयारियां की जा रही थीं। बुधवार को सुबह से ही श्रद्धालुओं के पहुंचने का सिलसिला शुरू हो गया था। सुबह गुड्डू गुरुजी ने विधि-विधान पूर्वक वेद मंत्रों के साथ मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा कराई। मूर्ति का दूध, दही, शहद, गंगाजल से अभिषेक करने के बाद पूजन किया गया। हवन कुंड में श्रद्धालुओं के आहुतियां देने पर वातावरण सुगंधित हो गया।

इस दौरान कमल सिंह नयन, महंत प्रिंस पुजारी, शिवकुमार पुजारी, गौरव मौर्य, हिमांशु चौधरी, प्रमोद वशिष्ठ, अर्णव वशिष्ठ, आदित्य वशिष्ठ, लवकुश, दीपक आदि मौजूद रहे।



सोरों में हरि की पौड़ी घाट पर हवन में आहुतियां देते श्रद्धालु। ● अमृत विचार

**अव्यवस्था** स्कूल खुलते ही शहर में बिगड़ गई यातायात व्यवस्था, जाम खुलवाने में जुटी रही पुलिस

# जीटी रोड पर एक घंटे लगा जाम, लोग रहे परेशान

संवाददाता, एटा

**अमृत विचार :** शहर में बुधवार को जीटी रोड पर करीब एक घंटे तक जाम लगा रहा। स्कूलों की छुट्टी होते ही जीटी रोड पर यातायात ठहर गया, जिससे जाम में फंसे राहगीर खासे परेशान रहे। दोपहिया वाहन चालक गलियों से होकर गुजरे तो उधर भी जाम की स्थिति बन गई।

शहर के जीटी रोड पर सुबह से ही जाम की समस्या देखने को मिली। सुबह को बच्चों के स्कूल जाने के समय वाहनों की संख्या अधिक होने जाम की स्थिति बनी रही। मगर दोपहर को विद्यालयों की छुट्टी होने पर स्कूल वाहन निकले तो जीटी रोड पर यातायात पूरी तरह जाम हो गया। लोगों ने अपने वाहन जल्दी निकालने के चक्कर में चौराहों पर गलत तरीके से निकालने की कोशिश की, जिससे जाम के हालात और बिगड़ गए।





जीटी रोड पर जाम में फंसे वाहन। ● अमृत विचार

रोडवेज बस स्टैंड के बाहर

**▸▸ जाम से बचने को गलियों से होकर गुजरे दोपहिया वाहन चालक**

जीटी रोड पर खड़ी बसें भी जाम का मुख्य कारण बनी। दीनदयाल चौक से कचहरी रोड तिराहा तक जाम लगा रहा।

इससे वाहनों की लाइनें लंबी होती चली गईं। इससे मुख्य मार्ग जीटी रोड के अलावा ठंडी सड़क, आगरा रोड, शिकोहाबाद रोड, निधौली कलां रोड पर भी लोग जाम से जूझते रहे। यातायात प्रभारी अनिल कुमार वर्मा के मुताबिक जाम की कोई विशेष वजह नहीं रही। स्कूलों की छुट्टी के समय यातायात अधिक होने की वजह से कुछ समय जाम की समस्या रही थी।

## ट्रायल: एटा में नई रेलवे लाइन पर दौड़ाई मालगाड़ी

**एटा, अमृत विचार :** जनपद में जवाहर तापीय परियोजना को बनी रेलवे लाइन पर अधिकारियों ने मालगाड़ी दौड़कर ट्रायल किया। स्टेशन के बाद बनी नई रेल लाइन पर बुधवार को पहली बार कोयला भरी मालगाड़ी गुजारी गई। मालगाड़ी को देखने के लिए ग्रामीण एकत्रित रहे। मालगाड़ी का इलेक्ट्रिक इंजन स्टेशन पर छोड़ दिया गया। इसके बाद डीजल इंजन से जवाहर तापीय परियोजना प्लांट के लिए मालगाड़ी रवाना की गई। जनवरी में बनी नई रेल लाइन पर मालवाहक गाड़ी शुरू की गई है, जिसकी लंबाई करीब 750 मीटर है। इस दौरान कार्यदायी संस्था व रेलवे के अधिकारी भी स्टेशन पर मौजूद रहे। अधिकारियों ने बताया कि मार्च तक 4 से 5 मालगाड़ियां संचालित की जा सकती हैं।

# किसान आयोग का गठन करे सरकार

संवाददाता, जलेसर

**अमृत विचार :** केंद्र सरकार अपने आखिरी बजट में चुनावों से पूर्व की गई घोषणा के अनुरूप आयोग का गठन करने के साथ किसानों का कर्ज माफ व अन्य समस्याओं का निराकरण करें। अन्यथा लोकसभा चुनाव में देश के 80 फीसदी किसानों का विरोध झेलने के लिए तैयार रहना होगा। 2024 के चुनाव में किसान मौजूदा केंद्र सरकार का खुलकर विरोध ही नहीं करेंगे, बल्कि किसान महासंग्राम करने पर उतारू होंगे। गुरुवार को आने वाले बजट को लेकर बुधवार को भारतीय किसान यूनियन भानू के राष्ट्रीय अध्यक्ष ठाकुर भानु प्रताप सिंह ने जलेसर में मीडिया के सामने अपनी बात रखी।

प्रेस कांफ्रेंस के दौरान भानु प्रताप सिंह ने कहा कि किसानों द्वारा आजादी के उपरांत से ही आयोग के



प्रेस वार्ता के दौरान ठाकुर भानु प्रताप सिंह। ● अमृत विचार

**▸▸ भारतीय किसान यूनियन भानू गुट के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने दी महासंग्राम की चेतावनी**

गठन की मांग की जा रही है। मगर केंद्र व प्रदेश की सरकारों के द्वारा किसानों को हमेशा छला गया है।

चुनाव के दौरान हमेशा किसानों को आश्वस्त किया जाता है कि उनकी प्रमुख मांगों और समस्याओं का हर हाल में निराकरण किया जाएगा। मगर 5 साल बीतने के बाद भी समस्याओं के निराकरण पर कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा। यह केंद्र सरकार का आखिरी बजट है। सरकार से मांग की जा रही है कि किसानों की प्रमुख समस्याओं का निराकरण करे। अन्यथा केंद्र व प्रदेश की सरकार किसानों के महासंग्राम के लिए तैयार रहे।

इस दौरान राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी लखन यादव, कुशल पाल सिंह यादव, लोकेश वर्मा, भगवत स्वरूप मिश्रा आदि रहे।

